भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, भिण्ड , आगरा (उ.प्र.) एवं धौलपुर (राजस्थान ) से एक साथ प्रसारित

# सच टाइम्स

DAINIK SACH TIMES

वर्ष 18 अंक 122 | मुरैना,सोमवार 10 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 8 मूल्य 1.50 ₹


ढोल-नगाड़ों की गूंज में गूंजा आदिवासी गौरव, श्योपुर से कराहल तक दिखी संस्कृति की भव्य झलक
पेज : 03

एफसीआरएः धन का 'दान' चाहिए, 'दानव' नहीं
पेज : 04


रक्षाबंधन मेले के अवसरपर लता गुप्ता का नागरिक सम्मान
पेज : 06


जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड शहर की कार्यकारिणी बैठक संपन्न
पेज : 07

# किसानों के लिए सहायक आय की व्यवस्था करना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**अगले सीजन से खेती के लिए दिन में 10 घंटे बिजली की व्यवस्था**

**लाड़ली बहना योजना की राशि जल्द ही जारी होगी**

**राज्य सरकार प्रदेश में लगभग 80 हजार पदों पर भर्ती करा रही हैं**

**अधिकारी-कर्मचारी प्रत्येक शुक्रवार को जनता के बीच जाकर करेंगे कार्य**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीं रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की मंगलकामनाएं**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजगढ़ में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली किया संबोधित**



भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष में कृषकों के कल्याण के लिए 16 विभागों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है। किसान पूरी लगन और मेहनत से खेती करें, अगले सीजन से खेती के लिए दिन में 10 घंटे बिजली की व्यवस्था की जा रही है। हमारा उद्देश्य खेती की आमदनी को दोगुना करने के साथ मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के माध्यम से कृषकों के लिए सहायक आय की व्यवस्था करना है। प्रदेश में सांची ब्रांड के आधार पर दुग्ध उत्पादन को 12 प्रतिशत से 20 प्रतिशत ले जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजगढ़ में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री निवास भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्री गौतम टेटवाल तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**अब राजगढ़ की पहचान औद्योगिक क्षेत्र के रूप में हो रही है :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने राजगढ़ को कई सौगातें दी है। हाइवे के साथ अब राजगढ़ की पहचान औद्योगिक क्षेत्र के रूप में हो रही है। मोहनपुरा कुंडालिया डैम से जिले में सिंचाई सुविधा का विस्तार हुआ है। आने वाले समय में चंबल-कालीसिंध-पार्वती लिंक परियोजना से जिले को और भी लाभ मिलेगा। सिंचाई सुविधा के विस्तार और कृषि क्षेत्र में उपलब्ध हो रहे अवसरों से राजगढ़ जिले की छवि को बदलने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं उत्पादक किसानों से 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं एमएसपी पर खरीदा गया है। हमारी सरकार ने प्रदेश में 65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार किया है। किसानों को सोयाबीन के लिए भावांतर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई, किसान सम्मान निधि के अंतर्गत दी जाने वाली राशि सीधे किसान के खाते में आ रही हैं। लाड़ली बहनों को भी राशि उपलब्ध कराई जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी इन कल्याणकारी गतिविधियों के लिए बधाई के पात्र है।

**कवच योजना से दूर हुई हजारों किसानों की चिंता :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'कवच योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से किसान द्वारा दोबारा बैंक ऋण और फसल ऋण प्राप्त कर सकते हैं। किसानों की चिंता दूर हुई है और किसान बैंकिंग व्यवस्था की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बलराम कृषि महोत्सव के अंतर्गत प्रदेश में किसानों के मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही लाड़ली बहना योजना की राशि, बहनों के खातों में जारी होने वाली हैं। संपूर्ण प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम, वार्ड, जनपद, जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं निकालने के लिए उपस्थित जनसमुदायों को प्रेरित किया।

# प्रधानमंत्री की अपील, 'हर घर तिरंगा' से जुड़ें और विकसित भारत के संकल्प को दोहराएं

नई दिल्ली, 09 अगस्त (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील करते हुए कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के हमें सामूहिक संकल्प को दोहराना चाहिए। उन्होंने खुशी जाहिर की कि इस वर्ष के प्रयास वंदे मातरम को समर्पित हैं और वह भी ऐसे समय में जब हम इसकी 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा, 'हमारा तिरंगा हमारा गौरव है और राष्ट्र के लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा का निरंतर स्रोत है। '

प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में संस्कृति मंत्रालय की अपील को साझा किया है। इसमें मंत्रालय ने अपील की है कि इस वर्ष इतिहास को अपनी तरह के




पहले तिरंगे उत्सव में 'सूर्यपथ तिरंगा' के माध्यम से दुनिया भर के भारतीयों को एकजुट करते हुए देखें। इसका हिस्सा बनें। अपने घर पर तिरंगा फहराएं और अपनी सेल्फी http://harghartiranga.com पर अपलोड करें।

सूर्यपथ तिरंगा- भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फिजी से लेकर सैन फ्रांसिस्को तक 50 से अधिक भारतीय मिशन 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए तिरंगे की तस्वीरें अलग-अलग टाइम जोन में पूर्व से पश्चिम की ओर डिजिटल रूप से भेजेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### देश की कुल बिजली का 54 प्रतिशत स्वच्छ स्रोतों से

नई दिल्ली, 09 अगस्त (हि.स.)। देश ने 31 जुलाई तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता के 300 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया है। यह साल 2030 तक हासिल किए जाने वाले 500 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य का 60 प्रतिशत से अधिक है। देश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता (जो वर्तमान में लगभग 552 गीगावाट है) में गैर-जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न विद्युत क्षमता का हिस्सा 54 प्रतिशत से अधिक हो गया है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता का विवरण इस प्रकार है- सौर ऊर्जा: 164.59 गीगावाट, पवन ऊर्जा: 58.14 गीगावाट, जल विद्युत (बड़े और छोटे): 57.24 गीगावाट, जैव-ऊर्जा: 11.75 गीगावाट, परमाणु ऊर्जा: 8.78 गीगावाट। यह कुल मिलाकर 300.50 गीगावाट। वर्तमान सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए मंत्रालय का कहना है कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में हुई तीव्र प्रगति देश में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में भी परिलक्षित होती है, जो 2014-15 में 190.96 अरब यूनिट से बढ़कर 2025-26 में 477.79 अरब यूनिट हो गई है।

### डीआरआई ने नागपुर स्टेशन पर 3.09 करोड़ का सोना जब्त किया, एक यात्री गिरफ्तार

मुंबई, 09 अगस्त(हि.स.)। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने नागपुर रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3.09 करोड़ रुपये मूल्य का 2.165 किलोग्राम सोना जब्त किया है। इस मामले में एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की गहन छानबीन डीआरआई की टीम कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते तस्करी कर भारत लाया गया सोना रेलवे नेटवर्क के जरिए दूसरी जगह पहुंचाया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर नागपुर में डीआरआई की टीम ने रेलवे स्टेशन पर निगरानी शुरु की। जांच के दौरान ही डीआरआई की टीम को पता चला कि तस्करी का सोना 12102 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक यात्री के पास है।

# गृहमंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी पुलिस को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति पुलिस कलर' सौंपा

पुडुचेरी, 09 अगस्त (हि.स.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को पुडुचेरी पुलिस को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति पुलिस कलर' सौंपा।इस मौके पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार पुडुचेरी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार में साल 2014 से 2026 तक पुडुचेरी के विकास के लिए 13,762 करोड़ रुपये दिए गए हैं जबकि साल 1950 से 2014 तक की सरकारों में सिर्फ 3,500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जो अब लगभग चार गुना अधिक है।

अमित शाह ने पुडुचेरी के गोरिमेडु स्थित पुलिस ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित समारोह में पुडुचेरी पुलिस को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति पुलिस कलर' से सम्मानित किया।उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन और मुख्यमंत्री एन. रंगासामी समेत अन्य गणमान्य समारोह में उपस्थित रहे।

किसी पुलिस बल को राष्ट्रपति पुलिस कलर मिलना उसकी पेशेवर क्षमता, साहस, अनुशासन और जनसेवा की प्रतिबद्धता को मिली राष्ट्रीय मान्यता है। पुलिस संगठनों के लिए इसे प्रमुख संस्थागत सम्मानों में शामिल किया जाता है।

इस अवसर पर अमित शाह ने कहा, 'आज पुडुचेरी



पुलिस देश के उन चुनिंदा पुलिस बलों की सूची में शामिल हो गई है, जिन्हें इस सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है। पुडुचेरी पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर से सम्मानित किया जाना बल की बहादुरी, परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। यह उनके सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक है। पुडुचेरी दक्षिण भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। '

उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में केन्द्र सरकार ने पुडुचेरी में 39 हजार करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया है। लखपति दीदी, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, शौचालयों का निर्माण, मुफ्त अनाज योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) जैसी पहलों से पुडुचेरी के नागरिकों को लाभ मिला है।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने अंग्रेजों द्वारा बनाए गए दंड संहिता को तीन नए आपराधिक कानूनों से प्रतिस्थापित किया है। ये नए कानून केवल दंडात्मक नहीं हैं बल्कि इनका उद्देश्य प्रौद्योगिकी-आधारित और समयबद्ध तरीके से नागरिकों को न्याय दिलाना है। ये नए आपराधिक कानून तीन स्तंभों प्रौद्योगिकी, समयसीमा और विश्वास पर आधारित हैं।

# जवाबदेही से नहीं भाग सकती सरकारः राहुल गांधी

नई दिल्ली, 09 अगस्त (हि.स.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रयागराज में एक छात्र ने उनसे कहा कि अब उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा है। वर्षों की तैयारी, परिवार की जमीन बेचने और माता-पिता पर कर्ज के बावजूद रोजगार नहीं मिलना उस छात्र की नहीं बल्कि ऐसी व्यवस्था की हार है जो युवाओं की मेहनत का उचित मूल्य देने में विफल है।



राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर रविवार को कहा कि प्रयागराज में एक छात्र ने उनसे कहा कि उसने सालों तक तैयारी की, परिवार की जमीन बेच दी और उसके माता-पिता पर कर्ज है लेकिन इसके बावजूद उसके हाथ में कुछ नहीं है। यह हार उस छात्र की नहीं है बल्कि उस व्यवस्था की है जिसने उसकी मेहनत का दाम देने से इनकार कर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर छात्रों के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों पर कार्रवाई की घटना को 13 दिन हो चुके हैं लेकिन गृह मंत्री की ओर से अब तक कोई बयान नहीं आया है। माफी मांगने के बजाय क्षमा बांटी जा रही है।


राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को यह नहीं समझना चाहिए कि विपक्ष जवाबदेही की मांग करना बंद कर देगा। राजधानी की सड़कों पर छात्रों पर लाठी और पैलेट का इस्तेमाल किया गया लेकिन गृह मंत्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस घटना की जवाबदेही लेनी ही पड़ेगी।

## कांवड़ मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, 11वें दिन 60.70 लाख शिवभक्त कांवड़ लेकर रवाना

हरिद्वार, 09 अगस्त (हि.स.)। डाक कांवड़ यात्रा पर रवाना होने वाले शिवभक्तों का उत्साह चरम पर है, जिसके चलते हरिद्वार में आस्था का जनसैलाब देखने को मिल रहा है। मेला कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ मेले के 11वें दिन रविवार को शाम 6 बजे तक 60 लाख 70 हजार शिवभक्तों ने हरकी पैड़ी और अन्य घाटों से पवित्र गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया। पुलिस कंट्रोल रूम के आंकड़ों के अनुसार यात्रा शुरू होने से अब तक कुल 3 करोड़ 80 लाख 18 हजार शिवभक्त पवित्र गंगाजल लेकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब सहित देश के विभिन्न राज्यों को रवाना हो चुके हैं। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य और स्वच्छता की व्यवस्थाओं को और पुख्ता किया है। प्रमुख स्नान घाटों, कांवड़ पटरी मार्ग और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमें 24 घंटे तैनात हैं। डीएम व एसएसपी के अनुसार सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं ताकि कांवड़ यात्रा सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचारु रूप से संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने सभी शिवभक्तों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का ही प्रयोग करें, प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और स्वच्छ व सुरक्षित कांवड़ यात्रा के संचालन में सहयोग करें।

# एयर इंडिया विमान चालक की डोप टेस्ट पुष्टि के लिए जांच जारी, फिलहाल ड्यूटी से बाहर

नई दिल्ली, 09 अगस्त (हि.स.)। नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कहना है कि एयर इंडिया के विमान के अचानक नीचे आने के मामले में पायलट-इन-कमांड (पीआईसी) के जांच परीक्षण के परिणाम को आगे पुष्टिकरण परीक्षण की आवश्यकता है। इसके तहत नमूनों को पुष्टिकरण विश्लेषण के लिए निर्धारित प्रयोगशाला में भेजा गया है और अंतिम रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। उल्लेखनीय है कि ऐसी मीडिया रिपोर्टें आई थी जिनमें दावा किया गया था कि विमान चालक डोप टेस्ट फेल हो गया है। एयर इंडिया के ए320 विमान वीटी-ईएक्सओ 4 अगस्त को उड़ान के दौरान अचानक लगभग 300 फीट की ऊंचाई से



नीचे आ गया। विमान फुकेत (थाइलैंड) से दिल्ली के लिए उड़ान संख्या एआई2379 संचालित कर रहा था। इसके बाद विमान स्थिर हो गया और बाद में दिल्ली में सुरक्षित रूप से उतर गया। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि एयर इंडिया के विमान के अचानक नीचे आने के मामले की जांच जारी है। जांच की निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने तक दोनों फ्लाइट क्रू सदस्यों को डीजीसीए ने ड्यूटी से हटवा दिया है। जांच और पुष्टिकरण परीक्षण परिणामों के आधार पर आगे उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय और डीजीसीए विमानन सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए भी दृढ़ता से प्रतिबद्ध है कि ऐसी सभी घटनाओं की पूरी जांच की जाए और निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार उचित कार्रवाई की जाए।




# मप्र के धार में श्रद्धालुओं की वैन को ट्रॉले ने मारी टक्कर, गुजरात के 6 युवकों की मौत

धार, 09 अगस्त (हि.स.)। मध्य प्रदेश के धार जिले में बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर रविवार दोपहर भीषण हादसे में गुजरात के छह युवकों की मौत हो गई। सभी श्रद्धालु मारुति ईको वैन में सवार होकर उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने के बाद गुजरात लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी वैन को गलत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रॉले ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह दुर्घटना घटी।मृतक युवकों में से अभी चार की ही पहचान हो सकी है।

पुलिस के अनुसार गुजरात के कुछ युवक मारुति ईको वैन से उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन करने के लिए आए थे। यहां से लौटते समय रविवार दोपहर करीब एक बजे पंचकवासा गांव के पास उज्जैन फोरलेन पर गलत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रॉले ने वैन को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसे



की सूचना मिलते ही बदनावर थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाह और तहसीलदार सुरेश नागर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से वैन में फंसे शवों को बाहर निकाला गया। बदनावर थाना प्रभारी कुशवाह ने बताया कि हादसे में वैन में सवार छह युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा इतना भीषण था कि दो शवों को ग्राइंडर मशीन से वैन को काटकर निकाला गया। सभी महाकाल के दर्शन कर उज्जैन से वड़ोदरा लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद फोरलेन पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने सुचारु कराया। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। शवों का पंचनामा बनाकर उन्हें बदनावर सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है, जहां उनका पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। धार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले सभी 6 लोग आपस में दोस्त थे। मृतकों में से चार की पहचान नितेश भाई पुत्र प्रकाश भाई निवासी गोधरा, मयूर कुमार चौहान पुत्र प्रकाश भाई निवासी गोधरा, विशाल कुमार पुत्र रमेश भाई परमार निवासी पंचमहल और राकेश पुत्र भूपत भाई निवासी गोधरा के रूप में हुई है।

स्वामी एवं प्रकाशक रविन्द्र सिंह नवरंग द्वारा वनखंडी रोड़ हरीराज टॉकीज के पीछे, शिवनगर मुरैना (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित एवं मुद्रक नवीन बंसल द्वारा बंसल ऑफसेट रामजानकी मंदिर के पास, जीवाजीगंज मुरैना से मुद्रित, स्थानीय संपादक- धर्मेंद्र सिंह ''सीताराम जी '', मुरैना, मोबाइल 6261839476
RNI No. MPHIN/2009/45558 फोन 07532-232387 मोबा- 9425334744 तथा सभी विवादों को न्याय क्षेत्र मुरैना ही होगा। डाक पंजीयन चंबल क्रमांक जी-13-2/163/RNP/2025-27, email : sachtimes101@gmail.com

# छह दिवसीय 'हैप्पीनेस प्रोग्राम' का हुआ समापन, तनावमुक्त जीवन का दिया संदेश

## आर्ट ऑफ लिविंग के शिविर में करीब 30 प्रतिभागियों ने सीखी सुदर्शन क्रिया और तनाव प्रबंधन की तकनीकें

## एडीएम रूपेश उपाध्याय ने प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह, प्रतिभागियों ने साझा किए सकारात्मक अनुभव

जिला ब्यूरो – संगीता गुप्ता



श्योपुर। आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में श्योपुर में आयोजित छह दिवसीय 'हैप्पीनेस प्रोग्राम' का रविवार को सफलतापूर्वक हुआ। 4 अगस्त से 9 अगस्त तक आयोजित इस विशेष शिविर में करीब 30 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को तनावमुक्त एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के विभिन्न तौर-तरीकों के साथ सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका डॉ. गायत्री मित्तल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास, सकारात्मक सोच और मानसिक संतुलन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

एडीएम रूपेश उपाध्याय ने किया प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन

छह दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) श्री रूपेश उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा ऐसे सकारात्मक कार्यक्रमों के महत्व पर चर्चा की।

समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने शिविर के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया। प्रतिभागियों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उन्हें तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और दैनिक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक तरीकों को समझने का अवसर मिला।

सालभर जारी रहेंगे ऐसे कार्यक्रम

आयोजकों ने बताया कि लोगों को सकारात्मक एवं संतुलित जीवनशैली की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम वर्षभर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इन कार्यक्रमों से जुड़ने और उपलब्ध प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की। समापन अवसर पर प्रतिभागियों एवं आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पौधा रोपण जरूरी है, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए

## हम प्रकृति की रक्षा करें, तो प्रकृति हमारी रक्षा करती है

–राजा बाबू सिंह



गत दिवस दिनांक 8/8/2026 में औषधि वृक्ष गूगल और जनउपयोगी पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी संस्था सुजागृति के संचालक समाज सेवी जाकिर हुसैन ने कहा कि किसी व्यक्ति से मिलना एक सहज भेंट हो सकती परन्तु किसी ऐसे व्यक्तित्व से मिलना जो उस समय के हर क्षण को स्मरणीय बना दे यह आत्मीय मिलन होता है। तिघरा में एसपी अखिलेश रैनवाल जी द्वारा 10,000 पौधों को लगाकर और उनका संरक्षण करके पत्थरौ में फूल खिलाए हैं। उन्होंने कहा कि तिघरा में हमारे द्वारा गूगल पौधे जो रोपित किए थे उनका अवलोकन कराया, वे सहज और सरलता की प्रतिभूति आदरणीय श्री राजा बाबू सिंह भापुसे अतिरिक्त महानिदेशक रेल चूंकि वह पर्यावरण के प्रति सचेत और समर्पित व्यक्तित्व हैं सो हमारे और पीटीएस तिगरा द्वारा हर वर्ष उगाई जाने वाली न सिर्फ औषधि पौधों और प्लांटेशन की चर्चा थी वल्कि अवलोकन किया, आने वाले समय में इनकी उपयोगिता हेतु योगदान पर विस्तृत आख्यान व्यक्त किया। उन्होंने कहा पौधा रोपण का मुख्य उद्देश्य पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना, प्रदूषण को कम करना और भावी पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखना है। यह जलवायु परिवर्तन से लड़ने और जैव विविधता की रक्षा करने का एक नैतिक माध्यम है। वायु शुद्धिकरण और जलवायु संतुलन ऑक्सीजन उत्पन्न करते है । उनसे मिलना जहां सुखद अनुभव है वही अनेक प्रकार से प्रेरणा स्वतः मिल जाना सौभाग्य भी है। श्री सिंह साहब पीटीएस तिगरा द्वारा पर्यावरण तथा पौधों के सरंक्षण के लिए किए गए कार्य की समीक्षा करते रहे। तिगरा ग्वालियर में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में लगाए गए औषधि उद्यान पर भी चर्चा हुई व अवलोकन किया। तथा कहा कि प्रकृति की रक्षा की जाए, तो वह हमारी रक्षा करती है। इस इस बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में लख्खा बाबा के सहयोगी सुखबीर सिंह सच्चा डेरा गुरुद्वारा समिति ग्वालियर द्वारा भी तिघरा में पौधे प्रदान किए गए हैं। सुजागृती समाज सेवी संस्था मुरैना द्वारा साढे तीन हजार पौधे प्रदान किए गए और इनका रोपण भी कराया गया है। और तकनीकी सहायता प्रादान की जाती है।

# कॉलेज जा रही युवती से ऑटो में छेड़छाड़, आरोपी चालक को एक साल की सजा

## निर्धारित स्थान पर उतारने के बजाय आगे ले गया था चालक, विरोध करने पर पकड़ा हाथ; युवती ने चलते ऑटो से उतरकर बचाई अपनी सुरक्षा विशेष न्यायाधीश सुशील कुमार की अदालत ने सुनाया फैसला, 3 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

जिला ब्यूरो – संगीता गुप्ता



श्योपुर। कॉलेज जा रही एक युवती को निर्धारित स्थान पर उतारने के बजाय आगे जाकर कथित रूप से छेड़छाड़ करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी ऑटो चालक को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर कुल 3 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

प्रकरण के अनुसार, श्योपुर की एक युवती कॉलेज जाने के लिए ऑटो में सवार हुई थी। आरोप था कि ऑटो चालक ने उसे निर्धारित स्थान पर उतारने के बजाय आगे ले जाना शुरू कर दिया। रास्ते में चालक ने युवती से उसका नाम एवं अन्य व्यक्तिगत जानकारी पूछी तथा उसे रोज कॉलेज छोड़ने की बात कहते हुए मोबाइल नंबर देने के लिए कहा।

**क्क**

युवती द्वारा चालक की बातों का विरोध किए जाने पर आरोपी ने कथित रूप से उसका हाथ पकड़ लिया। इससे घबराई युवती ने अपनी सुरक्षा के लिए चलते ऑटो से छलांग लगा दी और बाद में परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी दी।

इसके बाद युवती परिजनों के साथ थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस ने जांच के बाद पेश किया चालान**

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अतीक पुत्र हफीज खान, उम्र 24 वर्ष, निवासी बगवाज पुलिया के पास, श्योपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना की। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया।

प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश सुशील कुमार की अदालत में हुई। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं सुनवाई के बाद आरोपी को संबंधित धाराओं में दोषी मानते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1500-1500 रुपए के दो अर्थदंड, कुल 3 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

**अभियोजन की ओर से हुई प्रभावी पैरवी**

मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने पैरवी की। न्यायालय के फैसले के बाद यह संदेश भी स्पष्ट हुआ कि महिलाओं एवं युवतियों के साथ सार्वजनिक परिवहन के दौरान होने वाली अभद्रता और छेड़छाड़ के मामलों में कानून के तहत दोष सिद्ध होने पर सजा से बचना आसान नहीं है।

# अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेस सेवादल ने निकाली तिरंगा यात्रा

## जयस्तंभ से गांधी पार्क तक गूंजे देशभक्ति के स्वर, महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों को किया नमन

जिला ब्यूरो – संगीता गुप्ता



श्योपुर। अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर रविवार को जिला सेवादल कांग्रेस द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में जिला कांग्रेस एवं सेवादल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले कांग्रेसजनों ने स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक जयस्तंभ से हुई, जहां से सेवादल कांग्रेस के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी पार्क पहुंची। यहां कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**तिरंगे के साथ दिया एकता और देशभक्ति का संदेश :** तिरंगा यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यात्रा के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष और अगस्त क्रांति के ऐतिहासिक महत्व को भी याद किया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष, सेवादल संगठन के जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित कांग्रेस एवं सेवादल के विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अगस्त क्रांति दिवस भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। यह दिन देशवासियों को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना और देश की एकता-अखंडता को मजबूत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर गांधी पार्क पहुंचकर कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले सभी वीरों को श्रद्धापूर्वक याद किया।

अगस्त क्रांति दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा ने शहर में राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश दिया।

# तीनों नगरीय निकायों की समीक्षा में सख्त तेवर, लंबित शिकायतों पर तीन दिन की डेडलाइन

*उपसंचालक सर्वेन्द्र पांडेय ने अधिकारियों को दिए निर्देश—विकास कार्यों की गति बढ़ाएं, स्वच्छता पर दें विशेष जोर*

***श्योपुर, बड़ौदा और विजयपुर में एमआरएफ-कंपोस्टिंग प्लांट जल्द पूरा करने तथा एसटीपी कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश***

जिला ब्यूरो – संगीता गुप्ता



श्योपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 तहत नगरीय क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की गति बढ़ाने और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उपसंचालक सर्वेन्द्र पांडेय ने श्योपुर पहुंचकर जिले के तीनों नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक ली। नगर पालिका श्योपुर में आयोजित बैठक में उन्होंने श्योपुर नगर पालिका सहित नगर परिषद बड़ौदा एवं नगर परिषद विजयपुर में चल रहे विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था और लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की।

उपसंचालक पांडेय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचे और विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

**सीएमओ क्षेत्र में उतरकर करें मॉनिटरिंग**

समीक्षा बैठक में उपसंचालक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 का उद्देश्य शासन की योजनाओं और विकास कार्यों को गति देना तथा आमजन का शासन-प्रशासन पर विश्वास मजबूत करना है।

उन्होंने तीनों निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि वे केवल कार्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि लगातार अपने-अपने नगरीय क्षेत्रों का भ्रमण कर विकास कार्यों की मौके पर मॉनिटरिंग करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष नजर रखने के निर्देश भी दिए गए।

**स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी सख्ती**

उपसंचालक ने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के निर्धारित मानकों को पूरा करने के लिए निकाय स्तर पर लगातार अभियान चलाए जाएं और स्वच्छता व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही नहीं हो।

**एमआरएफ और कंपोस्टिंग प्लांट जल्द होंगे पूरे**

बैठक में श्योपुर, बड़ौदा एवं विजयपुर नगरीय निकायों में प्रचलित एमआरएफ एवं कंपोस्टिंग प्लांट के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपसंचालक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्यों को निर्धारित समयसीमा में हर हाल में पूरा कराया जाए, ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

इसके साथ ही यूडब्ल्यूएम योजना के अंतर्गत एसटीपी प्लांट से संबंधित कार्य तत्काल प्रारंभ कराते हुए उनमें गति लाने के निर्देश दिए गए।

**नगरीय क्षेत्रों में होगा व्यापक पौधरोपण**

शहरों को हराभरा बनाने के लिए नगरीय क्षेत्रों में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि केवल पौधरोपण तक सीमित न रहते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं देखभाल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर तीन दिन की मोहलत

समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं जन शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए उपसंचालक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करते हुए तीन दिवस के भीतर कार्रवाई पूर्ण करें। इसके अलावा संबल योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों का भी तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

**अधिकारियों की मौजूदगी में हुई समीक्षा**

बैठक के दौरान श्योपुर नगर पालिका के सीएमओ नरेन्द्र जाटव, बड़ौदा सीएमओ करूणेश दंडोतिया, विजयपुर के उपयंत्री महेन्द्र गर्ग, श्योपुर के उपयंत्री पवन गर्ग, विनोद त्यागी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य संदेश स्पष्ट रहा–विकास कार्यों में देरी नहीं, शिकायतों का समयबद्ध निराकरण और नगरीय सुविधाओं में ठोस सुधार ही मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की प्राथमिकता होगी।

# धान सूखने की कगार पर, वोल्टेज संकट से किसान परेशान

## राड़ेप और नयागांव-ढोढपुर 33 केवी सबस्टेशन पर अतिरिक्त 5 एमवीए पीटीआर की मांग

## भाजपा नेता अशोक गर्ग ने विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक को भेजा पत्र, कहा– सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलना जरूरी

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता

श्योपुर। जिले में धान की फसल के लिए सिंचाई का समय महत्वपूर्ण होने के बिजली की कम वोल्टेज की समस्या ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। राड़ेप एवं नयागांव-ढोढपुर 33 केवी सबस्टेशन क्षेत्र में किसानों को आ रही विद्युत समस्या को लेकर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग ने विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक को पत्र भेजकर दोनों सबस्टेशनों पर अतिरिक्त 5 एमवीए पीटीआर स्वीकृत कर लगाए जाने की मांग की है।

भाजपा नेता ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि राड़ेप सबस्टेशन एवं नयागांव-ढोढपुर सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्र में विद्युत भार बढ़ने के चलते किसानों को पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिल पा रहा है। इसका सीधा असर खेतों में चल रहे सिंचाई कार्य पर पड़ रहा है।

कम वोल्टेज से सिंचाई प्रभावित, धान की फसल पर संकट

किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिलने के कारण सिंचाई के लिए विद्युत मोटरें सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। ऐसे समय में जब खेतों में धान की फसल को पानी की आवश्यकता है, बिजली की समस्या किसानों के लिए चिंता का कारण बन गई है।

पत्र में कहा गया है कि बिजली की समस्या का तत्काल समाधान नहीं होने पर धान की फसल प्रभावित होने की आशंका है और फसल सूखने की स्थिति बन सकती है।

विभाग ने भेजा है अतिरिक्त पीटीआर का प्रस्ताव

अशोक गर्ग ने विद्युत विभाग के प्रबंधक को अवगत कराया कि समस्या के समाधान के लिए राड़ेप एवं नयागांव-ढोढपुर 33 केवी सबस्टेशन पर 5 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पीटीआर लगाने का प्रस्ताव विभाग द्वारा भेजा गया है।

उन्होंने मांग की है कि प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लेते हुए दोनों सबस्टेशनों पर अतिरिक्त पीटीआर की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि विद्युत व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और किसानों को पर्याप्त वोल्टेज उपलब्ध हो सके।

किसानों को राहत दिलाने की मांग

भाजपा नेता ने कहा कि किसानों की फसल इस समय सिंचाई पर निर्भर है। बिजली की समस्या का सीधा असर उनकी मेहनत और उत्पादन पर पड़ सकता है। ऐसे में अतिरिक्त विद्युत क्षमता उपलब्ध कराना आवश्यक है।

उन्होंने विद्युत विभाग से मांग की कि मामले को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए अतिरिक्त 5 एमवीए पीटीआर की स्वीकृति एवं स्थापना की कार्रवाई जल्द पूरी की जाए, ताकि राड़ेप और नयागांव-ढोढपुर क्षेत्र के किसानों को कम वोल्टेज की समस्या से राहत मिल सके और धान की फसल को समय पर सिंचाई मिल सके।

पत्र 8 अगस्त 2026 को श्योपुर से विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक के नाम भेजा गया है।

# ढोल-नगाड़ों की गूंज में गूंजा आदिवासी गौरव, श्योपुर से कराहल तक दिखी संस्कृति की भव्य झलक





**विश्व आदिवासी दिवस पर निकले विशाल चल समारोह, पारंपरिक वेशभूषा में उमड़ा समाज; नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत**

**सहरिया संस्कृति, परंपरा और एकता के रंग में रंगा श्योपुर–कराहल में माता शबरी मंदिर से शुरू हुआ समारोह**

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता

श्योपुर। कृषि प्रधान और आदिवासी बहुल श्योपुर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, गौरव और सामाजिक एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। जिले के श्योपुर शहर से लेकर कराहल तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों की थाप और लोकगीतों की गूंज के बीच निकले चल समारोह ने पूरे वातावरण को आदिवासी संस्कृति के रंग में रंग दिया।

जिले के वन क्षेत्रों में सहरिया सहित आदिवासी समुदाय की बड़ी आबादी निवास करती है। ऐसे में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन जिले में विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर समाजजनों ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को जीवंत करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया।

श्योपुर में निकला भव्य चल समारोह

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर श्योपुर शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया। समारोह में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाजजनों ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक गीत-संगीत के बीच अपनी संस्कृति की आकर्षक झलक प्रस्तुत की।

चल समारोह के दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह समाजजनों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। स्वागत के दौरान आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का अनूठा दृश्य दिखाई दिया।

समारोह में मध्यप्रदेश राज्य सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह आदिवासी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कराहल में माता शबरी मंदिर से हुआ शुभारंभ

इसी क्रम में कराहल में भी विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत माता शबरी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद समाजजनों ने अपनी पुरानी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करते हुए भव्य चल समारोह निकाला।

चल समारोह में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते समाजजन आगे बढ़े और आदिवासी लोक संस्कृति की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की।

**पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीत बने आकर्षण का केंद्र :** चल समारोह के दौरान आदिवासी समाज की पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, नृत्य और वाद्ययंत्र आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। पूरे आयोजन में समाज की सांस्कृतिक पहचान और अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिखाई दिया।

समारोह को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह रहा। युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

विधायक मुकेश मल्होत्रा ने कहा–संस्कृति का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी

कराहल के कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस बार आदिवासी दिवस का कार्यक्रम उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराएं और विरासत हमारी समृद्ध सामाजिक धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**श्योपुर से कराहल तक एक संदेश—संस्कृति भी, एकता भी :** विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि आदिवासी समाज अपनी संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली विरासत को लेकर पूरी तरह सजग है। श्योपुर शहर में पुष्पवर्षा से लेकर कराहल में पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों तक, पूरे जिले में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और एकजुटता की प्रभावी तस्वीर देखने को मिली।

# जिंदगी बचाने की जंग लड़ रहा कबाड़े का ठेला लगाने वाला 16 साल का सौरभ, छत पर खुले तारों ने छीनी खुशियां और पुलिस से न्याय की आस में भटकता परिवार...





शिवपुरी (निज संवाददाता)। शहर के कमलागंज घोसीपुरा इलाके में रहने वाला 16 वर्षीय सौरभ शाक्य इन दिनों ग्वालियर के अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। सिर से पिता श्यामलाल शाक्य का साया पहले ही उठ चुका था, इसलिए परिवार की गाड़ी को खींचने के लिए मासूम सौरभ कम उम्र में ही कबाड़े का ठेला लगाने को मजबूर था। बीती 6 अगस्त को वह अपने दोस्त सुमित शाक्य के साथ शहर की हनुमान कॉलोनी में कबाड़ा खरीदने गया था, जहाँ एक घर की महिला ने उसे कबाड़ा उठाने के लिए छत पर भेजा।

छत पर बिना किसी सावधानी के खुले पड़े भारी और मोटे बिजली के तारों की चपेट में आकर सौरभ जोरदार करंट की आगोश में आ गया। करंट इतना भयानक था कि वह बुरी तरह झुलसने के साथ ही छत से नीचे आ गिरा, जिससे उसका सिर भी फट गया। इस दर्दनाक हादसे में सौरभ लगभग सत्तर प्रतिशत तक जल चुका है। पहले स्थानीय अस्पताल और फिर हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया, जहाँ गरीब परिवार अपने सहारे को बचाने के लिए पाई-पाई को मोहताज होकर संघर्ष कर रहा है।

एक तरफ बेटा अस्पताल में मौत से लड़ रहा है, तो दूसरी तरफ कोतवाली पुलिस की लचर कार्यशैली ने परिवार का दर्द और बढ़ा दिया है। घटना के 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आज रविवार की शाम बजे तक कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से परिजनों में भारी आक्रोश है। हद तो तब हो गई जब जिस महिला के घर यह हादसा हुआ, वह पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए अब पीड़ित और बेसहारा परिवार पर ही चोरी के बेबुनियाद आरोप मढ़ रही है। अब यह गरीब परिवार न्याय की आस लेकर दर-दर भटक रहा है और पुलिस प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की गुहार लगा रहा है।

# शिवपुरी बरसात के समय लाइट के खंभों से रहें दूर: गांधी पार्क में करेंट की चपेट में आया बालक,प्रदीप राठौर ने दिया सीपीआर बचाई जान





शिवपुरी (निज संवाददाता)। शिवपुरी शहर के गांधी पार्क में क्रिकेट खेलने आए बालक को स्ट्रीट लाइट के खंभे से लगा करेंट हुआ बेहोश,मौजूद युवाओं ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक उपचार दिलाया। अब आदित्य की हालात नॉर्मल है वह जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

हनुमान कॉलोनी निवासी आदित्य धाकड़ ने बताया कि मैं सुबह क्रिकेट खेलने गांधी पार्क में गया हुआ था वहीं लाइट का खंभा लगा हुआ मैं उसके पास खड़ा था उससे हाथ लगाया और अचानक से करेंट लगा और मैं बेहोश हो गया।

वहां मौजूद युवा समाजसेवी प्रदीप राठौर ने बताया कि उस खंभे में करेंट आ रहा है इस बच्चे को करेंट लगा और यह बेहोश हो गया मैंने इसको लेटाकर तत्काल सीपीआर दिया जब वह थोड़ा सा होश में आया फिर इसको अस्पताल लाया गया।

रहागीर बंटी राठौर और युवक के दोस्त उसे तत्काल अस्पताल लें गये और उसका प्राथमिक उपचार कराया। अब वह ख़तरे से बाहर है।

वहां मौजूद युवाओं का कहना है कि उस खंबे में करेंट आ रहा है और गांधी पार्क में सैंकड़ों की तादाद में युवा क्रिकेट फुटबाल खेलने आते हैं प्रशासन से जल्द ठीक कराएं नहीं तो कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

# थाना करैरा पुलिस द्वारा प्रकरण क्रमांक आर सी टी 62/20 मे 08 साल से फरार चल रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी रविन्द्र दुवे को दतिया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया




शिवपुरी (निज संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया द्वारा जिले में स्थाई/गिरफ्तारी वारन्ट तामीली के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. ड़ी. प्रजापति एवं एस.डी.ओ.पी. पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में करैरा पुलिस द्वारा सूचना पर दिनांक 08.08.2026 को माननीय न्यायालय जेएमएफसी महोदय करैरा के प्रकरण क्रमांक आर सी टी 62/20 एवं धारा 436, 34 भादवि मे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी रविन्द्र पुत्र माखनलाल दुवे उम्र 38 साल निवासी मिश्रा कालोनी थाना कोतवाली जिला शिवपुरी को रेलवे स्टेशन के पास दतिया से गिरफ्तार किया गया। वारंटी को माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

सराहनीय भूमिका - थाना प्रभारी निरी0 विनोद सिहं छावई, उनि चेतन शर्मा चौकी प्रभारी सुनारी, प्रआर डैनी कुमार, प्रआर रमाशंकर माझी, आर राधेश्याम जादौन, आर विकाश दुवे आर गोविन्द रावत।

# गोबर डालने को लेकर विवाद में मारपीट, 5 घायल; एसपी ऑफिस पहुंचा शाक्य परिवार, गिरफ्तारी नहीं होने का आरोप



शिवपुरी जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र के ग्राम ऐंचबाड़ा में जमीन पर गोबर डालने को लेकर हुए विवाद के बाद रविवार को शाक्य परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। परिवार ने आरोप लगाया कि शनिवार को हुए विवाद में 10 से 12 लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें परिवार के 5 लोग घायल हुए हैं। परिवार का कहना है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है और उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

कीरत शाक्य के अनुसार, गांव में जमीन पर गोबर डालने को लेकर रमेश शर्मा पक्ष से उनका पहले से विवाद चल रहा है। शनिवार शाम करीब 5 बजे वह घर के बाहर बैठा था, तभी अरविंद शर्मा, आशीष शर्मा, मनीष शर्मा और शुभम शर्मा सहित अन्य लोग वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। आरोप है कि इस दौरान जातिगत गालियां देते हुए लाठी से हमला किया गया।

कीरत का आरोप है कि उसके सिर में लाठी लगने से चोट आई और खून निकल आया। उसे बचाने पहुंचे पिता मंगी शाक्य, मां बैजंती शाक्य और भाई रवि शाक्य के साथ भी मारपीट की गई। वहीं, उसका भाई सुघर सिंह डरकर भागा तो रास्ते में राज शर्मा ने उसे उठाकर पटक दिया, जिससे उसके हाथ में अंदरूनी चोट आई। परिवार के अनुसार, मारपीट में कुल 5 लोग घायल हुए हैं।

कीरत शाक्य का कहना है कि घटना के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी हुई, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उसका आरोप है कि आरोपी पक्ष की ओर से उन्हें धमकियां दी जा रही हैं, जिससे परिवार में डर का माहौल है। इसी मामले में कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिवार रविवार दोपहर 12 बजे एसपी कार्यालय पहुंचा।

बैराड़ थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। शाक्य पक्ष की शिकायत पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की संबंधित धाराओं सहित भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार, घायलों की मेडिकल रिपोर्ट अभी आना बाकी है। मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद यदि चोटों की गंभीरता के आधार पर आवश्यकता हुई तो धाराओं में इजाफा किया जा सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ई-अटेंडेंस का खेल: 4500 रुपए की प्राइवेट युवती के भरोसे सरकारी स्कूल, कलेक्टर-डीईओ दें बर्खास्तगी की सजा



मुरैना जिले के कैलारस क्षेत्र के पोखरपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां पदस्थ शिक्षक अमरलाल रावत रोजाना स्कूल पहुंचकर सिर्फ ई-अटेंडेंस (हाजिरी) दर्ज करते हैं और इसके बाद गायब हो जाते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में महज 4500 रुपए महीने पर रखी गई एक निजी युवती प्रीति रावत बच्चों को पढ़ाती मिली जिला शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में इस बड़े फर्जीवाड़े की पोल खुली। सरकार स्कूलों पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन मोटी तनख्वाह पाने वाले शिक्षक अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुंह मोड़ चुके हैं यह संकट सिर्फ एक स्कूल का नहीं है। आज कई सरकारी शिक्षक अपने प्राथमिक कर्तव्य को ताक पर रखकर पार्टियों की नेतागिरी कर रहे एक महाशय तो पत्रकारिता कर रहे हैं जबकि शासकीय शिक्षक है जब शिक्षक स्कूल छोड़कर अन्य क्षेत्रों में अपनी रोटियां सेकेंगे, तो सरकारी स्कूलों के मासूम बच्चों का भविष्य कौन संवारेगा स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। जनता की मांग है कि ऐसे लापरवाह और कामचोर शिक्षकों को तुरंत चिन्हित करना चाहिए। जो शिक्षक सरकार से मोटी तनख्वाह उठाने के बावजूद कक्षाओं से नदारद रहते हैं, उन्हें सिर्फ निलंबित नहीं, बल्कि सीधे सेवा से बर्खास्त कर देना चाहिए ताकि अन्य लापरवाह शिक्षकों के लिए एक कड़ा संदेश बन सके।

# ग्वालियर: तिरंगामय हुआ शहर का हृदय स्थल महाराज बाड़ा

**- वंदे मातरम् व देशभक्ति के नारों का जयघोष करते हुए निकली तिरंगा यात्रा**




ग्वालियर, 09 अगस्त (हि.स.)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर का हृदय स्थल महाराज बाड़ा रविवार की शाम तिरंगामय हो गया। हाथों में देश की आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगा थामकर जब भूतपूर्व सैनिक, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी, युवा एवं शहर के नागरिकों की विशाल तिरंगा यात्रा निकली तो सम्पूर्ण महाराज बाड़े पर देशभक्ति हिलोरें लेने लगी।

तिरंगा यात्रा में नगर निगम सभापति मनोज तोमर व भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर रुचिका चौहान व नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय समेत जिला प्रशासन व नगर निगम के अन्य अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

युवा पीढ़ी में देशभक्ति का जज्बा पैदा करने एवं इसमें जन-जन की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा 9 से 17 अगस्त तक चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत महाराज बाड़ा पर जिला प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में युवाओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम्, हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा और स्वतंत्रता अमर रहे जैसे देशभक्तिपूर्ण नारे लगाए। साथ ही शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

तिरंगा यात्रा का समापन महाराज बाड़ा पर जियोलॉजिकल म्यूजियम के सामने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन एवं भारत माता के जयघोष के साथ हुआ। इस अवसर पर अपर आयुक्त नगर निगम प्रदीप तोमर व मुनीष सिकरवार, एसडीएम नरेन्द्र बाबू यादव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी नरेन्द्र सिंह तोमर व बलवीर सिंह तोमर सहित अन्य भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# मुरैना: जमीन विवाद की शिकायत पर पथराव का आरोप, जान बचाकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा फरियादी

मुरैना (निज संवाददाता)। सरायछोला थाना क्षेत्र के छत्ते का पुरा और गौसपुर गांव में कृषि भूमि विवाद तूल पकड़ गया है। फरियादी हरफूल ने आरोप लगाया कि जमीन की शिकायत करने पर उसके ऊपर पथराव किया गया। जान बचाकर मुरैना कलेक्टर कार्यालय पहुंचे फरियादी ने अधिकारियों को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

आवेदन के मुताबिक, सर्वे क्रमांक 2218/1 की जिस जमीन पर उनका परिवार लंबे समय से खेती कर रहा है, उस पर अजीत पुत्र शिव सिंह ने जबरन जुताई कर दी और खेत का आने-जाने वाला रास्ता भी बंद कर दिया है। पीड़ित ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कर रास्ता खुलवाने, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## संपादकीय

# अगस्त क्रांति का श्रेय

–हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय स्वतंत्रता 78 वर्ष की हो गई है। अगस्त स्वाधीनता और क्रांति की पवित्र यादों का महीना है। 1942 की क्रांति ने ब्रिटिश सरकार के छक्के छुड़ा दिए थे। 9 अगस्त 1942 के दिन 'भारत छोड़ो' आंदोलन की घोषणा हुई। संयोग है कि 5 वर्ष बाद अगस्त में ही भारत स्वाधीन भी हुआ। अगस्त क्रांति में पूरा देश सम्मिलित था। कांग्रेस बेमन आन्दोलन का हिस्सा बनी। कांग्रेस कार्यकारिणी (1954) ने एक प्रस्ताव द्वारा अगस्त क्रांति में हुई तोड़फोड़ की निंदा की। इसे दिशाहीन पथ विचलन बताया। प्रस्ताव में प्रमुख कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी के कारण भारत की जनता को 'मार्गदर्शन विहीन' बताया गया।

अगस्त क्रांति के दो प्रमुख संचालकों अच्युत पटवर्धन व अरुणा आसफ अली ने कांग्रेस अध्यक्ष को 1946 में पत्र लिखा, 'आपने जानबूझकर इस तथ्य की अवहेलना की है कि हम लोगों ने आपकी गैरमौजूदगी में दिशा और मार्गदर्शन प्रस्तुत करने का संकल्पपूर्ण प्रयास किया। आपकी राय में अपनाए गए तौर-तरीके अहिंसा की कांग्रेसी नीति से सुसंगत नहीं रहे। जिनके प्राण गए उनकी शहीदी तारीफें लेकिन उनके कार्य की निंदा विरोधाभासी है।' (कांग्रेस एंड दि क्विट इंडिया मूवमेंट, एसआर बख्शी, पृ. 237-44)।

कांग्रेस ने आंदोलन कर्म की निंदा की और कर्मफल का मजाक उड़ाया। कहा जाता है कि 'अगस्त क्रांति' जयप्रकाश नारायण, अच्युत पटवर्धन, डॉ. राममनोहर लोहिया और अरुणा आसफ अली जैसे समाजवादी नेताओं की रणनीति से कामयाब हुई। महात्मा गांधी ने अगस्त, 1944 में कहा था, '9 अगस्त, 1942 का दिन मैंने आत्मनिरीक्षण और समझौते के लिए बातचीत का सूत्रपात करने के लिए निश्चित किया था लेकिन सरकार व भाग्य ने कुछ और ही सोच रखा था। तोड़फोड़ और बहुत सारी चीजें कांग्रेस अथवा मेरे नाम पर की गईं।' (संपूर्ण गांधी वाङ्मय 78/12)।

गांधी और कांग्रेस ने पूरे क्रांति कर्म और धर्म को ही गलत बताया लेकिन इतिहास ने क्रान्तिकारियों को प्रतिष्ठा दी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लीलाधर शर्मा अगस्त क्रांति के एक कार्यकर्ता थे। शर्मा ने अपनी किताब 'स्वतंत्रता की पूर्व संध्या' में लिखा, 'संगठित रूप से यदि आंदोलन में कोई कार्य किया गया तो समाजवादी कार्यकर्ताओं की ओर से। नेताओं की गिरफ्तारी के बाद मुंबई सरकार की आँखों में धूल झोंककर उन्होंने देश को एक कार्यक्रम दिया। वे ही अंत तक आंदोलन की ज्योति को जलाए रखने वाले भी थे।'

भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को समझने के लिए 1920-30 के बीच के 10 वर्ष महत्त्वपूर्ण हैं। इस दशक में कांग्रेस मृतप्राय थी। गांधी भी करीब-करीब अलग थे, लेकिन कांग्रेस ने इसी दशक के आखिर (1929) में पूर्ण स्वराज की माँग की। इसकी मोटामोटी 6 वजहें थीं - (1) ब्रिटेन में लेबर पार्टी जीती और भारत के कथित मित्र रेम्जे मैकडोनाल्ड प्रधानमंत्री बने। वायसराय ने अक्टूबर 1929 में घोषणा की कि साइमन रिपोर्ट के बाद सर्वदलीय गोलमेज सम्मेलन होगा। (2) इसी दशक के मध्य (1925) में एक प्रख्यात क्रांतिकारी कांग्रेसी नेता डॉ. के.बी. हेडगेवार ने प्रखर हिन्दू राष्ट्रवाद के विचार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बनाया। संघ देखते-ही-देखते राष्ट्रीय फलक पर था। (3) भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के क्रांतिधर्म से भारत का अवनि अंबर आंदोलित था। (4) कांग्रेस के भीतर समाजवादी विचारों के नेताओं/कार्यकर्ताओं का दबाव बढ़ा। (5) कम्युनिस्ट विचार और स्वतःस्फूर्त कारणों से किसान मजदूर आंदोलन बढ़े और (6) इन सबके चलते कांग्रेस से मोहभंग का वातावरण बना।

कांग्रेस के सामने अस्तित्व का संकट था। उसने दिसंबर 1929 में पूर्ण स्वराज की माँग की। सिर्फ 25 दिन बाद (26 जनवरी, 1930 को) प्रथम स्वतंत्रता दिवस भी मना डाला। सविनय अवज्ञा आंदोलन चला। गांधी की गिरफ्तारी हुई लेकिन आंदोलन की घोषणा और समझौता कांग्रेस नीति के अंग थे। गांधी-इरविन वार्ता में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फाँसी न देने का भी मुद्दा था। इरविन ने साफ मना किया तो कांग्रेस और गांधीजी ने यह मुद्दा छोड़ दिया। फाँसी के 6 दिन बाद कराची कांग्रेस अधिवेशन में गांधी और कांग्रेस को लेने के देने पड़ गए। मजबूरन शहीदों के पक्ष में एक गांधीवादी प्रस्ताव आया, 'किसी भी तरह की राजनैतिक हिंसा से अपने को अलग रखते हुए और उसे अमान्य करते हुए कांग्रेस बलिदान के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करती है।' क्रांति कर्म की निंदा और बलिदान की प्रशंसा कांग्रेस का इतिहास है।

कांग्रेसी इतिहास के अधिकृत लेखक गांधी भक्त पट्टाभिसीतारमैया के अनुसार, 'भगत सिंह का नाम सारे देश में गांधीजी की ही तरह लोकप्रिय था।' 'भारत छोड़ो' आंदोलन का नेतृत्व भी कांग्रेस ने गांधीजी को ही सौंपा। अ.भा. कांग्रेस की बैठक (मुंबई 7 अगस्त, 1942) में जवाहरलाल नेहरू ने प्रस्ताव रखा। इसके अगले दिन 8 अगस्त, 1942 को गांधीजी ने सवा घंटे के भाषण में कहा, 'आपने अपने सारे अधिकार मुझे सौंप दिए। अब मैं वायसराय से मिलकर कांग्रेस की माँग स्वीकार करने का अनुरोध करूँगा। 'हालाँकि 9 अगस्त की सुबह के पहले सारे वरिष्ठ कांग्रेसी गिरफ्तार कर लिए गए। आगे का आंदोलन समाजवादियों ने चलाया। कांग्रेस बेहद कमजोर थी। सन् 42 के पहले के गांधी विचार इसका खुलासा करते हैं। गांधीजी विश्वयुद्ध में अंग्रेजों की बेशर्त सहायता के पक्षधर थे। उन्होंने अक्टूबर 1941 में लिखा- 'यदि हम इस अवस्था में सरकार को परेशानी में डालेंगे तो सत्ताधारी निश्चय ही इसका बुरा मानेंगे।' (संपूर्ण गांधी वाङ्मय 75/66)। 21 जून, 1940 को कांग्रेस कार्यसमिति ने भावी कार्यक्रमों और नीतियों की जिम्मेदारी से गांधीजी को मुक्त कर दिया लेकिन गांधीजी कांग्रेस से जुड़े रहे। 1942 के 'भारत छोड़ो' आंदोलन के ठीक 8 माह पूर्व 30 दिसंबर, 1941 को कार्यसमिति ने उन्हें दोबारा मुक्त किया। गांधी कांग्रेस से अलग हो गए। अगस्त 42 के आंदोलन के एक माह पूर्व 5 जुलाई को उन्होंने चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को कांग्रेस छोड़ने के लिए आग्रह पत्र लिखा।

गांधीजी ने लिखा- 'कांग्रेस के भीतर अनुशासनहीनता और हिंसा भरी है।' जो कांग्रेस गांधीजी के लिए अनुशासनहीन और भारत छोड़ो आंदोलन के एक माह पहले तक त्याज्य थी उसी कांग्रेस को लेकर गांधी और उन्हीं गांधी को लेकर कांग्रेस ऐतिहासिक 'अगस्त क्रांति' नहीं ही कर सकती थी। अंग्रेजीराज की केन्द्रीय असेंबली में एक सवाल के जवाब में बताया गया, '9 अगस्त से 31 दिसंबर, 1942 के बीच 940 लोग पुलिस/सेना की गोली से मारे गए। 60,229 गिरफ्तार हुए। 18000 नजरबंद किए गए और 1630 घायल हुए। 538 स्थानों पर पुलिस फायरिंग हुई। 60 स्थानों पर फौजी कार्रवाई हुई।

इतिहासविद प्रोफेसर विपिन चंद्रा ने लिखा- 'आंदोलन की बागडोर अच्युत पटवर्धन, अरुणा आसफ अली, डॉ. लोहिया, सुचेता कृपलानी, बीजू पटनायक और जेल से छूटने के बाद जयप्रकाश पर थी। ये गुप्त समूह मुंबई, पूना, सतारा, बड़ौदा, कर्नाटक, केरल, आंध्र, यूपी, बिहार और दिल्ली में सक्रिय थे।' श्रेय कांग्रेस ने लिया। देश हर बरस 'अगस्त क्रांति' का स्मरण करता है। आन्दोलनों के मूल तत्वों पर विमर्श नहीं होता। झूठे देवता फल-फूल उड़ाते हैं।

# एफसीआरए: धन का 'दान' चाहिए, 'दानव' नहीं

–विनोद बंसल

भारत में विदेशी धन के प्रवेश और उसके उपयोग को लेकर बहस नई नहीं है। लंबे समय से विदेशी सहायता से चलने वाले अनेक संगठन देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा राहत, सामाजिक सेवा, धार्मिक गतिविधियों और शोध जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य करते रहे हैं। ऐसे सभी वैध और पारदर्शी कार्यों का स्वागत होना चाहिए लेकिन प्रश्न तब उठता है जब विदेशी धन का प्रयोग घोषित उद्देश्यों से हटकर राजनीतिक प्रभाव, सामाजिक अस्थिरता, धर्मांतरण व अवैध गतिविधियों अथवा भारत के राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल कार्यों के लिए होने लगे।

इसी मूल चिंता को ध्यान में रखते हुए ही विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम यानि फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (स्न्नष्ट्रक्र) बनाया गया। इसे पहली बार आपातकाल (श्वद्वद्गह्लद्दद्गठ्ठष्4) के दौरान वर्ष 1976 में बनाया गया था जिसका मूल उद्देश्य उस समय विदेशी फंडिंग और राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखना था। बाद में साल 2010 में पुराने कानून को बदलकर एक नया और अधिक सख्त स्न्नष्ट्रक्र 2010 अधिनियमित किया गया, जो 1 मई 2011 से प्रभावी हुआ। इस विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम का उद्देश्य विदेशी धन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि भारत में आने वाला विदेशी धन पारदर्शी तरीके से प्राप्त हो और उसी उद्देश्य के लिए खर्च हो जिसके लिए उसे अनुमति दी गई है।

एफसीआरए संशोधन को समझने की आवश्यकताप्र स्तावित कानून को संसद के इसी सत्र में सदन में पेश किए जाने की चर्चा आजकल जोरों पर है। विधेयक का एक महत्वपूर्ण प्रावधान उन संस्थाओं की विदेशी धन से बनी संपत्तियों और विदेशी योगदान के संबंध में व्यवस्था तैयार करना है जिनका स्न्नष्ट्रक्रप्रमाणपत्र रद्द हो जाता है, संस्था स्वयं उसे वापस कर देती है अथवा उसका नवीनीकरण नहीं होता। इसके लिए एक छ्वद्गह्यद्बद्दठ्ठड्डह्लद्गस्र्-ह्लद्धश्वह्लद्दह्4 (निर्दिष्ट प्राधिकारी) की व्यवस्था प्रस्तावित है जो ऐसी स्थिति में संपत्तियों के अस्थायी नियंत्रण, उनके प्रबंधन और आगे की व्यवस्था देखेगी। यदि संस्था निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना स्न्नष्ट्रक्र पंजीकरण बहाल करा लेती है तो संपत्तियों और अप्रयुक्त विदेशी धन की वापसी का प्रावधान भी है। विधेयक का प्रावधान यह भी कहता है कि यदि इन संपत्तियों में कोई धर्मस्थल आता है तो वहाँ के धार्मिक कार्यकलापों को यथावत जारी रखा जाएगा।

विधेयक में एक और महत्वपूर्ण बदलाव दंड व्यवस्था से जुड़ा है। मौजूदा अधिकतम पांच वर्ष की सजा को घटाकर इसे एक वर्ष करने का प्रस्ताव है। साथ ही निर्दिष्ट प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध पुनरीक्षण और न्यायिक अपील का रास्ता भी प्रस्तावित किया गया है। अर्थात इसे केवल 'विदेशी संस्थाओं पर कार्रवाई' के रूप में देखना अधूरा होगा। असल मुद्दा विदेशी धन के साथ जवाबदेही, पारदर्शिता और राष्ट्रीय हित का है।

**विदेशी धन पर निगरानी क्यों जरूरी :** किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए यह सामान्य बात है कि वह अपने देश में आने वाले विदेशी धन के स्रोत और उपयोग पर निगरानी रखे। भारत अकेला देश नहीं है जो ऐसा करता है। अमेरिका सहित अनेक देशों में विदेशी धन, विदेशी एजेंटों, विदेशी संस्थाओं और राजनीतिक प्रभाव से संबंधित अलग-अलग कानून और व्यवस्थाएं हैं। इसलिए भारत द्वारा अपने यहां विदेशी योगदान के लिए नियमन तय करना किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध कार्रवाई मानना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं है।

**पहले भी अनेक संशोधन हुए :** इस कानून में संशोधन भी कोई पहली बार नहीं हो रहा। इससे पूर्व वर्ष 1984, 2010, 2016, 2018, 2020 व 2022 में भी इस कानून में विभिन्न पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा संशोधन किए गए। बल्कि वर्ष 2010 में तो इस कानून को पूरी तरह से निरस्त कर एक नया और कठोर कानून बनाया गया था।

आंकड़े बताते हैं कि समस्या काल्पनिक नहीं है। गृह मंत्रालय के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2016 से 2020 के बीच ही 6,600 से अधिक गैर सरकारी संस्थाओं के स्न्नष्ट्रक्र पंजीकरण रद्द किए गए थे। एक अन्य आँकड़े के अनुसार विदेशी पैसों से चलने वाले कुल 52,156 एनजीओ व संस्थानों में से अभी सिर्फ 14,435 ही सक्रिय हैं। 22,496 के पंजीयन रद्द किए जा चुके हैं तथा 15,225 पूरी तरह से निष्क्रिय हैं। नियमानुसार, पंजीकरण रद्द होने के बाद ऐसी संस्थाएं स्न्नष्ट्रक्र के अंतर्गत विदेशी योगदान प्राप्त या उपयोग नहीं कर सकतीं। इसलिए इन सभी संस्थाओं को अपने पंजीयन को नवीनीकृत कराना ही चाहिए।

कार्रवाई के उदाहरण

ग्रीन पीस इंडिया पर 2015 में स्न्नष्ट्रक्रनियमों के उल्लंघन के कई आरोप लगे थे। इनमें विदेशी योगदान के निर्धारित बैंक खाते से बाहर लेन-देन, योगदान की गलत/कम रिपोर्टिंग, प्रशासनिक खर्च की सीमा से अधिक व्यय, विदेशी ह्लह्वह्व से भारतीय ह्लह्वह्य/ड्डष्ह्लद्ध1द्बह्यह्लह्य के कानूनी खर्च को सहायता और अन्य अनुपालन संबंधी मुद्दे शामिल थे। गृह मंत्रालय ने जांच के बाद उसका पंजीकरण निलंबित किया और आगे कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। इसी प्रकार 2025 में लद्दाख स्थित स्टूडेंट्स एजुकेशन एंड कल्चरल मूवमेन्ट ऑफ लद्दाख (स्श्वष्टरूह्रु), का स्न्नष्ट्रक्र लाइसेंस भी गृह मंत्रालय द्वारा रद्द किया गया था। देशभर में ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं।

यह भी समझना चाहिए कि हर विदेशी फंड लेने वाली संस्था संदिग्ध नहीं है। भारत में अनेक संस्थाएं विदेशी सहायता के माध्यम से अस्पताल, विद्यालय, अनाथालय, आपदा राहत, ग्रामीण विकास, शोध, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य सामाजिक कार्य करती हैं। स्न्नष्ट्रक्र का उद्देश्य ऐसी वैध गतिविधियों को समाप्त करना नहीं अपितु उसे संरक्षण देना है। सरकार की मंशा है कि वैध विदेशी सहायता का तो स्वागत होगा लेकिन विदेशी धन के दुरुपयोग को किसी भी तरह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जो संस्था नियमों का पालन करती है तथा पारदर्शी तरीके से हिसाब देती है, उसे या उसके प्रति किसी अन्य को संदेह का कोई कारण नहीं। आखिर धन की आवश्यकता तो सभी व्यक्तियों समाज और सरकारों को है।

**ईसाई संस्थाओं द्वारा इतना भ्रम और विरोध क्यों**

इस अधिनियम में हो रहे संशोधन को लेकर सबसे अधिक राजनीतिक विवाद इस बात पर पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है कि इसका निशाना चर्च या ईसाई संस्थाएं हैं। वास्तव में स्न्नष्ट्रक्र का ढांचा ना तो किसी एक धर्म विशेष के लिए बनाया गया और ना ही किसी धर्म का उसमें जिक्र है। हाँ, धार्मिक गतिविधियों से जुड़े संगठन भी तभी विदेशी योगदान प्राप्त कर सकते हैं, जब वे कानून की निर्धारित शर्तों का पालन करें। हालांकि, पीछे अनेक मामलों में चर्च व उससे जुड़ी अनेक संस्थाओं द्वारा विदेशी धन का दुरुपयोग करते हुए किस प्रकार भारत की धर्म-प्राण जनता का अवैध रूप से धर्मांतरण किया जा रहा था, यह विषय भी किसी से छुपा नहीं है। कानून को धता बताते हुए देश के अनुसूचित क्षेत्रों में बने अनेक अवैध चर्च, मस्जिदें, मदरसे तथा अन्य मजहबी संस्थान तथा उनकी कारगुजारियाँ भी सर्व विदित हैं। शायद इसीलिए उन्हीं के मन में डर है जिनको पकड़े जाने का भय है!

हमारे यहाँ यदि कोई संस्था ईमानदारी से धार्मिक, शैक्षणिक या सामाजिक सेवा कर रही है और विदेशी धन का वैधानिक उपयोग कर रही है, तो उसे केवल विदेशी सहायता प्राप्त करने के कारण संदेह की दृष्टि से नहीं देखा जाता अपितु उसका सार्वजनिक सम्मान किया जाता है। किन्तु यह भी स्पष्ट रहे कि किसी की धार्मिक पहचान उस संस्था को भारतीय कानूनों से ऊपर भी नहीं रख सकती। यदि हम सही हैं तो कानून का विरोध क्यों और उससे डरने या डराने के प्रपंच क्यों!

**विदेशी धन बनाम विदेशी प्रभाव :** असल बहस विदेशी धन को रोकने या अनुमति देने की नहीं अपितु, उस धन के माध्यम से हो रहे विदेशी प्रभाव को समझने की है। विदेश से आया पैसा यदि किसी अस्पताल में मरीज का इलाज करता है, किसी गरीब बच्चे की शिक्षा में लगता है, किसी प्राकृतिक आपदा में राहत पहुंचाता है या किसी वैज्ञानिक शोध में उपयोग होता है, तो वह मानव कल्याण का माध्यम हो सकता है। लेकिन यदि वही पैसा देश के भोले भाले लोगों के अवैध धर्मांतरण करने, उसकी सामाजिक संरचना को प्रभावित करने, राजनीतिक वातावरण को निर्देशित करने, हिंसक अथवा विघटनकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने या स्वदेशी कानून को तोड़ने के लिए प्रयोग किया जाता है, तो वह अस्वीकार्य है।

देश में विदेशी धन की प्रयोगकर्ता प्रत्येक संस्था को भी-

- विदेशी धन का पूरा स्रोत बताना चाहिए।
- प्राप्त धन और खर्च का सही हिसाब देना चाहिए।
- निर्धारित बैंकिंग व्यवस्था का पालन करना चाहिए।
- विदेशी योगदान को निर्धारित उद्देश्य व क्षेत्र के लोगों में ही खर्च करना चाहिए।
- संबंधित दस्तावेज और लेखे समय पर प्रस्तुत करने चाहिए।
- विदेशी दान और भारतीय संस्था के बीच किसी भी संदिग्ध वित्तीय या राजनीतिक संबंध को छिपाना नहीं चाहिए।

यही तो वास्तविक पारदर्शिता है।

देशी और कुछ विदेशी शक्तियों द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध में जिस प्रकार का भ्रम और दुष्प्रचार फैलाया गया वैसे ही कुछ पादरी, चर्च, भड़काऊ भाईजान और कुछ अन्य संस्थाएं आजकल भारत विरोधी ऐसे झूठे अभियान चला रही हैं जिनसे देश को सावधान रहना होगा। देश में विदेशी धन आए लेकिन भारतीय कानून के रास्ते से। सेवा हो लेकिन पारदर्शिता के साथ। धार्मिक या सामाजिक कार्य भी हों लेकिन संविधान और कानून के दायरे में रहकर। हमारे राष्ट्रीय हितों से खिलवाड़ करने वाले किसी भी विदेशी धन पर बिना भेदभाव, बिना दबाव और बिना डर के कठोर कार्रवाई होनी ही चाहिए। यही एक संप्रभु और आत्मविश्वासी भारत की नीति है।

# राशिफल : 10 अगस्त, 2026

मेष - शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक - 3 - 5 - 7

वृष - अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन - पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक - 5 - 6 - 9

मिथुन - व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक - 2 - 6 - 8

कर्क - समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन - देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक - 4 - 6 - 7

सिंह - मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक - 3 - 5 - 8

कन्या - जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक - 2 - 5 - 7

तुला - प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा - गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद - प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक - 6 - 8 - 9

वृश्चिक - स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान - विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़ - भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक - 5 - 6 - 8

धनु - आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान - सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक - 4 - 6 - 8

मकर - लेनदेन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक - 3 - 6 - 9

कुंभ - पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह से सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक - 1 - 5 - 8

मीन- धम-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक - 1 - 6 - 9

## दैनिक पंचांग

**10 अगस्त 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.09 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | कन्या | 08.20 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | तुला | 10.31 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.46 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 15.02 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मकर | 17.07 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.26 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.57 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | वृष | 23.37 बजे से |
| | | मिथुन | 01.35 बजे से |
| | | कर्क | 03.49 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 222 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 08.01 बजे तदनन्तर त्रयोदशी 04.55 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 12.27 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 22.27 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 08.01 बजे, गर 18.28 बजे तदनन्तर वणिज 04.55 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 37' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872797 **जूलियन दिन** 2461262.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1448 **महीना** सफर **तारीख** 26 **विशेष** द्वितीय श्रावण सोमवार व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# पेसा कानून और महिला आरक्षण को लेकर सांसद संजय सिंह ने छत्तीसगढ़ सरकार पर उठाए सवाल

गरियाबंद/रायपुर, 09 अगस्त (हि.स.)। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह रविवार को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने गरियाबंद जिले में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर पेसा कानून, पेपर लीक, महिला आरक्षण और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सवाल उठाए। प्रेस कान्फ्रेंस में आआपा के सांसद संजय सिंह ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर पेसा कानून पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 के क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में कानून का प्रभावी ढंग से पालन नहीं हो रहा है, जिसके कारण आदिवासी समाज में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासी समाज से आते हैं, लेकिन सरकार को दिशा-निर्देश कहीं और से मिलते हैं। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा से जुड़े विवाद का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों को लेकर आपत्ति जताई है। उनके अनुसार, यदि किसी प्रश्न का उत्तर गलत निर्धारित किया गया है तो इसका असर चयन प्रक्रिया पर पड़ सकता है। महिला आरक्षण के मुद्दे पर संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी महिला आरक्षण को तत्काल लागू किए जाने के पक्ष में है। उन्होंने परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाए जाने के आधार पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी लाभ को ध्यान में रखकर सीटों के पुनर्गठन की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# राष्ट्रपति को रायपुर में आयोजित होने वाले नुआखाई पर्व में शामिल होने दिया निमंत्रण

रायपुर, 09 अगस्त (हि.स.)। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में विधायक पुरंदर मिश्रा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को रायपुर में आयोजित होने वाले नुआखाई पर्व में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। इस दौरान भाजपा विधायक ने राष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं, सामाजिक समरसता और नुआखाई पर्व के सांस्कृतिक महत्व से भी अवगत कराया। विधायक पुरंदर मिश्रा बताया कि नुआखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि नई फसल, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, पारिवारिक एकजुटता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। भगवान श्री जगन्नाथ की पावन परंपरा से जुड़े इस आयोजन का छत्तीसगढ़ में विशेष सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व है।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति मुर्मू को नुआखाई पर्व में शामिल होने का आमंत्रण देना उनके लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू का सान्निध्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और भगवान श्री जगन्नाथ की भक्ति परंपरा के लिए गौरव का विषय होगा। इससे प्रदेश की समृद्ध संस्कृति को देशभर में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि नुआखाई पर्व हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का उत्सव है, जो लोगों को अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपनी परंपराओं से जोड़ता है। रायपुर के श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित होने वाला यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम होगा।

# छत्तीसगढ़ का तेजी से हो रहा विकास , किसी वर्ग में कोई नाराजगी नहीं : मुख्यमंत्री साय




रायपुर, 09 अगस्त (हि.स.)। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीते ढाई सालों में डबल इंजन की सरकार की वजह से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। जनता से किए सभी वादे पूरे किए जा रहे हैं। सबको साथ लेकर चल रहे हैं, किसी वर्ग में कोई नाराजगी नहीं है।

विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को मीडिया से चर्चा में सांसद संजय सिंह के बयान पर कहा कि छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी के हर काम को पूरा कर रहे हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास किसानों का वादा पूरा कर रहे हैं। 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को महतारी वंदन का पैसा दे रहे हैं। सभी क्षेत्र में चहुमुखी विकास हो रहा है।

ई20 पेट्रोल को लेकर 'मोदी सिर्फ वोटों की भाषा समझते हैं' वाले अरविंद केजरीवाल के बयान पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मोदी 12 सालों में देश को आगे ले जा रहे हैं। उनका नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, आज हर क्षेत्र में तेजी से देश विकास कर रहा है। इसको पूरा देश जान रहा है। आर्थिक क्षेत्र में देश 12 साल पहले दसवें स्थान पर था, उसे चौथे स्थान पर लाकर खड़ा किए हैं। नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। इसको पूरा देश देख रहा है।

अगले हफ्ते संसद में 'विदेशी योगदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026' को पेश किए जाने के संदर्भ में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम इसका स्वागत हैं। इससे देश को लाभ होगा।

बस्तर के कई गांवों में पहली बार तिरंगा फहराए जाने को प्रोपगेंडा बताए जाने पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अब कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। कायदे से खुश होना चाहिए, क्योंकि 4 दशकों से ज्यादा समय तक बस्तर नक्सलवाद से ग्रसित रहा है, जिसके खात्मे के बाद अब 90 से ज्यादा गांवों में तिरंगा फहराया जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान से प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रीय एकता और देश प्रेम की भावना हो रही प्रगाढ़ : डीएम






**युवाओं एवं आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का किया आह्वान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने जिला स्तरीय प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

धौलपुर (निज संवाददाता)। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को केवल तिरंगा फहराने तक सीमित न रखते हुए इसे व्यापक जन-जागरूकता अभियान का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक इस अभियान से जुड़कर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका निभाए।

जिला कलक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रीय एकता और देश प्रेम की भावना अधिक प्रगाढ़ हो रही हैं। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक भागीदारी से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट ने कहा कि आज हम जिस आजाद भारत में सांस ले रहे हैं और हमें जो संवैधानिक अधिकार व स्वतंत्रताएं मिली हैं, वह अनगिनत राष्ट्रभक्तों और कई पीढ़ियों के त्याग व बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा यह दिन उन सभी वीर सपूतों को नमन करने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने का है।

प्रभात फेरी में दिखा युवाओं का जोश जिले में रविवार को जिला स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित प्रभात फेरी के अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को गांधी पार्क से रवाना किया प्रभात फेरी गांधी पार्क से शुरू होकर गुलाब बाग होते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर समाप्त हुई। तिरंगा हाथ में लेकर निकली प्रभात फेरी गूंजे देशभक्ति के संदेश प्रभात फेरी में सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं स्काउट के विद्यार्थियों जिला परिषद तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत प्रभात फेरी में शामिल हुए। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने तथा राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। जिला कलक्टर ने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाने तथा अपने घरों वाहनों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर अभियान को सफल बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से तिरंगे के साथ फोटो लेकर उसे www.harghartiranga.com पर अपलोड करने की अपील की। इस अवसर पर सीडीपीओ मुकेश कुमार मंगल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे। इसी क्रम में 10 अगस्त को तिरंगा बाइक रैली साईकिल रैली का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। जोकि इंदिरा गांधी स्टेडियम बडी फील्ड से आरंभ होकर लाल बाजार पैलेस रोड गुलाब बाग होते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त होगी।

# जरूरतमंद बच्चों को मिले बेहतर सुनने के लिए निःशुल्क उपकरण

## सीजीकॉन 2026, 23 वीं नेशनल कांफ्रेंस ऑफ द कॉक्लियर इंप्लांट ग्रुप ऑफ़ इंडिया के अंतर्गत किया गया उपकरणों का वितरण







आगरा (निज संवाददाता)। सीजीकॉन 2026, 23 वीं नेशनल कांफ्रेंस ऑफ द कॉक्लियर इंप्लांट ग्रुप ऑफ़ इंडिया के अंतर्गत दिल्ली गेट स्थित रितिका ईएनटी सेंटर एंड मीनाक्षी स्पीच एंड हियरिंग क्लीनिक के संयुक्त तत्वाधान में एक चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान सुनने की क्षमता वृद्धि से संबंधित सर्जरी जिन बच्चों की हो चुकी है। ऐसे बच्चों को प्लांट से संबंधित उपकरणों का निशुल्क वितरण किया गया। वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉक्टर राजीव पचौरी ने बताया कि सीजीकॉन 2026, 23 वीं नेशनल कांफ्रेंस ऑफ द कॉक्लियर इंप्लांट ग्रुप ऑफ़ इंडिया के अंतर्गत होटल जेपी पैलेस में 3 से 6 सितंबर तक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस में देशभर के 500 से अधिक ईएनटी विशेषज्ञ, ऑडियोलॉजिस्ट और थैरेपिस्ट भाग लेंगे। इस दौरान सुनने से संबंधित आधुनिक तकनीकी, इलाज और उपचार पर चर्चा की जाएगी। इसके अंतर्गत रविवार को दिल्ली गेट स्थित रितिका ईएनटी सेंटर एंड मीनाक्षी स्पीच एंड हियरिंग क्लीनिक के संयुक्त तत्वाधान में एक चैरिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद 12 से अधिक बच्चों को प्लांट से संबंधित उपकरणों का निशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान डॉक्टर मीनाक्षी बडेरा ने बताया कि चैरिटी कार्यक्रम में इंप्लांट से संबंधित कॉइल, केविल, एडॉप्टर, बैटरी सहित अन्य उपकरणों को निशुल्क वितरण किया गया, जिससे बच्चों को सुनने की क्षमता में वृद्धि हो सके। उन्होंने इंप्लांट और उपकरणों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

# जन अभाव अभियोग निराकण समिति के सदस्य

**जनता और प्रशासन के बीच मजबूत सेतु**

**सेवा के भाव से करें जन अभाव और अभियोग का निराकरण**

**शिकायत पहुंचाने का सशक्त माध्यम 181 राजस्थान संपर्क**

**जन समस्याओं का समग्र निस्तारण 99.17 प्रतिशत तक- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**



धौलपुर (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जन अभाव अभियोग निराकरण समिति आमजन की समस्याओं को सुनकर उन्हें प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण काम करती है। साथ ही, उनके समाधान की प्रक्रिया को गति देने तथा उसकी निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाती है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर समिति के सदस्य सेवा के भाव के साथ नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए सक्रियता से काम करें। मुख्यमंत्री शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न जिला स्तरीय जन अभाव अभियोग निराकरण समिति सदस्यों के धन्यवाद एवं आभार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य जनता और प्रशासन के बीच मजबूत सेतु हैं। वे आमजन के जन अभाव और अभियोग का त्वरित समाधान करते हैं तथा धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता के लिए है, जनता के बीच है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। इसी सोच के साथ प्रदेश में जनसुनवाई की व्यवस्था को मजबूत बनाया गया है जिसके माध्यम से महिला युवा किसान और गरीब की दिक्कतों को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका निराकरण किया जाता है। इससे राजस्थान में सुशासन का संकल्प साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 181 राजस?थान संपर्क अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति की शिकायत राज्य सरकार तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। जून माह में करीब 4 लाख 97 हजार नई शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से करीब 4 लाख 90 हजार शिकायतों का निस्तारण किया गया। अब इन शिकायतों के निस्तारण की औसत अवधि घटकर केवल 12 दिन रह गई है। 181 के माध्यम से जन समस्याओं की समग्र निस्तारण दर 99.17 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी संपर्क कॉल सेंटर पर जाकर लोगों की समस्याएं सुनते है तथा उनका समाधान भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का समय डिजिटल तकनीक का है। अब प्रदेश के आमजन वाट्सअप पर संदेश भेजकर निवास आय जाति प्रमाण पत्र सहित अनेक सरकारी सेवाओं का घर बैठे लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल राजस्थान के माध्यम से सुशासन को अधिक सरल पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाते हुए सरकारी सेवाओं को हर व्यक्ति तक सहजता से पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान का सपना शासन के पारदर्शी प्रशासन के जवाबदेह होने के साथ ही तकनीक के उपयोग से साकार होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के समिति सदस्यों से जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति के माध्यम से समस्याओं के समाधान के उनके अनुभव जाने। साथ ही वीसी के माध्यम से विभिन्न जिलों के सदस्यों से भी चर्चा की। इस अवसर पर विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल सांसद मदन राठौड़ सहित विभिन्न जिलों में गठित समिति के सदस्य उपस्थित रहे तथा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित उपखण्ड समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी वीसी के जरिए इस कार्यक्रम में जुड़े।

# उपभोक्ताओं की समस्याएं दूर करे केंद्र सरकार




आगरा (निज संवाददाता)। होटल सेवन हिल टावर फतेहाबाद रोड में रविवार को एलपीजी वितरक एसोसिएशन की बैठक हुई. जिसमें एसोसिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देशय उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना है. लेकिन केंद्र सरकार की कुछ नीतियों के कारण हमें और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. 45 दिन ग्रामीण और 25 दिन में शहरी उपभोक्ताओं को ऱीफिल उपलब्ध कराया जा रहा है. यह असमानता दूर होनी चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी संचालकों की समस्याएं सरकार को दूर करनी चाहिए. जिससे उन्हे एजेंसी संचालन में परेशानी न हो. बैठक का संचालन पीयूष राय ने किया. बैठक में कार्यकारी प्रदेश अध्यछ अनिल कुमार. रामनिवास तिवारी. योगेश त्रिगुजायत. संजय यादव मौजूद रहे.

# धौलपुर में कांग्रेस सेवादल की लोकतंत्र बचाओ तिरंगा यात्रा शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि संविधान रक्षा का संकल्प दोहराया




धौलपुर (निज संवाददाता)। अगस्त क्रांति दिवस एवं ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति में जिला कांग्रेस सेवादल धौलपुर द्वारा लोकतंत्र बचाओ तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी.के मार्गदर्शन एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत के निर्देशानुसार आयोजित हुई। यात्रा जिला कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित के नेतृत्व में यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष परवेज पठान की अध्यक्षता में तथा महिला विंग जिलाध्यक्ष विनेश सैन के संयोजन में पुराना हॉस्पिटल चौराहा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पहुंची। यहां अमर शहीदों को माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीदों का बलिदान हमारी रगों में राष्ट्रभक्ति की लौ जलाता है : समृद्धि दीक्षित जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने कहा कि 09 अगस्त 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जब देश की जनता ने अंग्रेजी हुकूमत के सामने अपनी आजादी का अडिग संकल्प रखा था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में दिए गए करो या मरो के आह्वान ने देश के जन-जन में स्वतंत्रता की ऐसी ज्वाला प्रज्वलित की जिसे अंग्रेजी हुकूमत भी बुझा नहीं सकी। उन्होंने कहा कि आज हम जिस तिरंगे को सम्मान के साथ हाथों में लेकर चल रहे हैं, उसके हर रंग में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष और त्याग समाया है। यह तिरंगा उन वीर शहीदों की अमर निशानी है, जिन्होंने भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आगे कहा कि कांग्रेस सेवादल की पहचान अनुशासन सेवा त्याग और राष्ट्रभक्ति रही है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर से लेकर आज तक सेवादल ने राष्ट्रसेवा और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाया है। आज की तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि शहीदों के प्रति कृतज्ञता और संविधान लोकतंत्र तथा भारत की एकता अखंडता की रक्षा का संकल्प है। युवा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत परवेज पठान यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष परवेज पठान ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में युवाओं ने साहस और त्याग की मिसाल कायम की थी। आज युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जागरूक होकर अपनी भूमिका निभाएं। महिलाओं की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही विनेश सैन महिला विंग जिलाध्यक्ष विनेश सैन ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया और आज भी लोकतंत्र संविधान तथा देश की एकता-अखंडता की रक्षा में महिलाओं की सक्रिय भूमिका जरूरी है। तिरंगा यात्रा का एससी जिलाध्यक्ष दर्शन लाल जाटव सुरेंद्र दरियापुर प्रदेश सचिव अमित मुद्गल एवं समाजसेवी ऋषि मित्तल ने स्वागत किया इस अवसर पर अमित मुद्गल प्रवक्ता धनेश जैन श्यामू पंडित भागीरथ शर्मा अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल जाटव यंग ब्रिगेड सेवा दल परवेश पठान धर्मेंद्र दिनकर गोरेलाल कुशवाहा पुष्पेंद्र राम भरोसी शर्मा सुलेमान फारुकी कुशवाहा राजेश कुशवाहा पंकज तिवारी जीतू कंसाना बनवारीलाल जाटव शिब्बू लोधा सैफ लोधी लोकेंद्र सिंह कंडेरा दीपक सक्सेना अभिषेक यादव आजाद मिर्जा रामधर गुर्जर सरस्वती राजू पहाड़िया नरेंद्र नगर रामवीर पहाड़िया बनवारी बघेल रमेश महामना एवं कांग्रेस पदाधिकारी जनप्रतिनिधि सेवादल कार्यकर्ता युवा महिला कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# करौली से धौलपुर पहुंची संत रविदास कलश यात्रा बथुआ खो में पुष्प वर्षा से स्वागत चारों विधानसभाओं में होगा भ्रमण




धौलपुर (निज संवाददाता)। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की कलश यात्रा का धौलपुर जिले में मंगल प्रवेश हुआ संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की यात्रा करौली जिले की यात्रा पूर्ण कर धौलपुर जिले की सीमा बथुआ खो सरमथुरा में प्रवेश किया रथ यात्रा को करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र के रथ यात्रा के प्रभारी बृजलाल डीकोलिया धौलपुर के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत एवं धौलपुर करौली लोकसभा यात्रा के प्रभारी श्रवण कुमार वर्मा यात्रा के जिला संयोजक कमल पहाड़िया सहसंयोजक बनवारी लाल जाटव एवं सह संयोजक चतुर सिंह जाटव को कलश दिया धौलपुर जिले की सीमा में कलश यात्रा के रथ का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया यह रथ यात्रा धौलपुर जिले की चारों विधानसभाओं में भ्रमण करेगी बसेड़ी बड़ी राजाखेड़ा एवं धौलपुर विधानसभा में गांव गांव जाएगी अंत में इस यात्रा का समापन धौलपुर विधानसभा भाजपा कार्यालय धौलपुर पर समापन होगी इस अवसर पर करौली धौलपुर लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव पूर्व विधायक बसेड़ी सुखराम कोली भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना पंचायत समिति सदस्य दीपू कुशवाहा पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष भूपेन्द्र घुरैया डॉ मनोज शर्मा पूर्व कार्यालय प्रभारी नन्द किशोर शुक्ला सोशल मीडिया प्रभारी लोकेंद्र सिंह चौहान विस्तारक रामू शर्मा पूर्व मंत्री विनय परमार प्रीति गोयल एवं करौली विधानसभा के जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा अजय पाल जादोंन जिला प्रवक्ता जितेन सिंह पचाना जिला मंत्री पुष्पेंद्र सैनी महामंत्री जसवंत माच करौली देहात मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह जादौन विधि प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक विकास सिंह जाड़ोन शहर मंडल अध्यक्ष करौली आशुतोष तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# धौलपुर में डिस्कॉम का बिजली चोरी पर बड़ा एक्शन रात की जांच में 95 मामले पकड़े, 35 लाख का जुर्माना

धौलपुर (निज संवाददाता)। जयपुर डिस्कॉम के धौलपुर जिले में जहा डिस्कॉम अपने विद्युत तंत्र मे सुधार कर रहा वही डिस्कॉम ने विद्युत चोरी पर सख्त एक्शन ले रहा है। डिस्कॉम पहिले दिन में कार्यवाई कर्ता नजर आता था लेकिन रात मे बड़े स्तर पर बिजली चोरी व विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ की खबरे मिल रहीं थीं। डिस्कॉम ने रात्रि मे बिजली चोरी पर सख्त एक्शन चालू है। डिस्कॉम टीम जहा अवैध जम्पर से बिजली चोरी के मामले पकड़ रहीं हैं वही मीटर के तकनीक की मदद से लोड सर्वे को एनालिसिस कर बिजली चोरी के मामले पकड़ रहीं हैं। डिस्कॉम की माने तो रात मे विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ के कारण फीडर पर ट्रिपिंग से सभी उपभोक्ताओं की बिजली बाधित होती है। इस वज़ह से ईमानदार उपभोक्ता की बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। डिस्कॉम की दर्जन भर टीमों ने अभियान मे 95 बिजली चोरी कर मामले पकड़े जिनपर 35 लाख का जुर्माना लगाया गया है।ये कार्यवाही बाड़ी सरमथुरा, बसेडी धौलपुर शहर ,सैपऊ, राजाखेड़ा ,मनिया क्षेत्र मे की गयी है। डिस्कॉम प्रत्येक ट्रांसफॉर्मर पर मीटर लगा रहा है जिससे ये पता चल जाता है कि किस क्षेत्र में बिजली चोरी का प्रतिशत ज्यादा है। डिस्कॉम के धौलपुर स्ध्र विवेक शर्मा ने बताया कि मीटर से उपभोक्ता के बिजली उपयोग की जानकारी ली जा रहीं हैं और लोड सर्वे के सहयोग से भी बिजली चोरी पकड़ी जा रही है।डिस्कॉम मीटर तकनीक से लो खपत वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार की है व ऐसे उपभोक्ताओं की जाँच की जा रही है।टीमें ऐसे उपभोक्ताओं की विशेष जाँच की जा रहीं हैं जिनकी माह की खपत लोड के सापेक्ष कम है, डिस्कॉम को चौकाने वाले मामले मिले ऐसे उपभोक्ताओं मे से कई उपभोक्ता घर में,ष्ट का उपयोग कर रहे थे। स्ध्र विवेक शर्मा ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि उपभोक्ता अपना विद्युत स्वीकृत भर अपने वास्तविक लोड के अनुसार बढ़वा ले जिससे विद्युत तंत्र सुदृढ़ लोड अनुसार किया जा सके। वही बिजली चोरी नहीं करने की सलाह दी है जिससे जुर्माने से बचा जा सके।स्ध्र विवेक शर्मा ने बताया कि जुर्माना राशि जमा नहीं कराने पर बिजली थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उपखण्डनाम ड्ढष्टक्रसंख्याजुर्माना धौलपुर सिटी 23 8 लाख मे धौलपुर ग्रामीण 15 4 राजाखेड़ा 9 2 बाडी 18 15

# रेणुका धाम रुनकता को भव्य धार्मिक पर्यटन स्थल बनाया जाए : परशुराम स्वाभिमान सेना

## भगवान परशुराम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए विधायक चौधरी बाबूलाल को सौंपा ज्ञापन



आगरा, (निज संवाददाता)। परशुराम स्वाभिमान सेना आगरा ने फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक चौधरी बाबूलाल से रुनकता स्थित रेणुका धाम में भगवान श्री परशुराम जी के प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष पं. खेमचन्द शर्मा ने विधायक को पत्र लिखकर इस संबंध में आवश्यक धनराशि स्वीकृत कराने का आग्रह किया। पत्रांक 130/2026 दिनांक 09 अगस्त 2026 को भेजे गए पत्र में पं. खेमचन्द शर्मा ने कहा कि रुनकता का रेणुका धाम भगवान परशुराम जी की आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यह स्थान न केवल आगरा बल्कि आसपास के जनपदों के श्रद्धालुओं के लिए भी श्रद्धा और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने पत्र में लिखा कि मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में वर्तमान समय में जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक विकास कार्यों की आवश्यकता है। मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता को देखते हुए इसका उचित जीर्णोद्धार कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी और इस पवित्र धाम को एक भव्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

जिलाध्यक्ष ने मांग की कि रेणुका धाम रुनकता स्थित भगवान श्री परशुराम जी के मंदिर के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण, मंदिर परिसर के विकास, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं श्रद्धालुओं की आवश्यक सुविधाओं हेतु आवश्यक धनराशि स्वीकृत कराई जाए। साथ ही संबंधित विभाग को उचित निर्देश प्रदान कर कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

पं. खेमचन्द शर्मा ने विश्वास जताया कि विधायक के प्रयासों से इस पावन धार्मिक स्थल का विकास होगा और क्षेत्र के श्रद्धालुओं की लंबे समय से चली आ रही अपेक्षा पूर्ण होगी।

परशुराम स्वाभिमान सेना ने कहा कि भगवान परशुराम समाज के आराध्य हैं और उनके मंदिर का विकास पूरे ब्राह्मण समाज की मांग है। संगठन ने आश्वासन दिया कि मंदिर विकास में वह प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ हर संभव सहयोग करेगा।

cmyk cmyk

# रक्षाबंधन मेले के अवसरपर लता गुप्ता का नागरिक सम्मान

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर, बोलीं–मुरैना की बेटी होने पर गर्व है













मुरैना (निज संवाददाता)। अग्रवाल संघ मुरैना द्वारा गांधी मैरिज होम, गोपालपुरा में आयोजित तीन दिवसीय रक्षाबंधन मेला-2026 के तृतीय दिवस रविवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्री रघुराज कंसाना ने की। अग्रवाल संघ के संरक्षक श्री महेश अग्रवाल एवं श्री माता प्रसाद अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में अग्रवाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री मुन्नालाल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष श्रीरामदास बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री गिर्जेश गर्ग, महामंत्री श्री राजेश मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री पवन गर्ग, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती हेमा अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती माला गर्ग, संरक्षक श्रीमती प्रभा अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती माधवी गोयल, कोषाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला एवं संयोजक श्री राहुल गोयल उपस्थित रहे।

इसके साथ ही श्री दिनेश अग्रवाल, श्रीमती प्रमिला अग्रवाल, श्रीमती कंचन बंसल, श्रीमती चंचल बंसल, श्री माधव गोयल, श्री अशोक अग्रवाल (खोआ वाले), श्री राजेंद्र अग्रवाल, श्री जगदीश अग्रवाल, श्री राकेश गुप्ता सहित अग्रवाल समाज के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक समारोह में उपस्थित रहे।

**माल्यार्पण कर किया अतिथियों का स्वागत :** कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। श्रीमती उर्मिला एवं संयोजक श्री राहुल गोयल सहित पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत की श्रृंखला के बाद दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता का नागरिक सम्मान किया गया।

इसके अलावा वरिष्ठ पार्षद श्रीमती ऊषा बांदिल, श्रीमती निधि गुप्ता, श्री दिनेश शर्मा, श्री अरविंद भदौरिया, खाद्य समिति के सदस्य श्री मुकेश जाटव तथा नगर विकास समिति के सदस्य एवं पूर्व पार्षद श्री राजेंद्र गोयल 'रज्जो' का भी शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

**गिर्जेश गर्ग ने लता गुप्ता के जीवन पर डाला प्रकाश**

सम्मान समारोह के दौरान अग्रवाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री गिर्जेश गर्ग ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता के जीवन एवं उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मुरैना में प्रारंभिक जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक श्रीमती लता गुप्ता ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई और महिलाओं के अधिकारों एवं सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना समय की जरूरत : लता गुप्ता**

मुख्य अतिथि श्रीमती लता गुप्ता ने अपने संबोधन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं का आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर होना बेहद आवश्यक है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पदभार ग्रहण करने के बाद महिलाओं के सशक्तीकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गईं, जिनका लाभ देशभर की महिलाओं को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के दम पर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने अग्रवाल संघ द्वारा रक्षाबंधन मेले के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार, व्यापार एवं अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए मंच उपलब्ध कराने की सराहना की।

**मुरैना की बेटी होने पर गर्व**

श्रीमती लता गुप्ता ने कहा कि उन्हें मुरैना की बेटी होने पर गर्व है। मुरैना से उनका विशेष भावनात्मक जुड़ाव है और यहां के लोगों द्वारा दिए गए स्नेह एवं सम्मान को वह हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने नागरिक सम्मान के लिए अग्रवाल संघ एवं उपस्थित समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

समारोह के अंत में अग्रवाल संघ के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने श्रीमती लता गुप्ता को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ''हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत मुरैना जिले में 9 से 17 अगस्त तक होंगे विविध आयोजन

### तिरंगा रैली, तिरंगा यात्रा, मेला, प्रदर्शनी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागृत होगी राष्ट्रभक्ति की भावना

### 12 अगस्त को विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की उपस्थिति में निकलेगी तिरंगा यात्रा

### पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पहुंचेगी तिरंगा यात्रा

मुरैना, 09 अगस्त 2026/ शासन के निर्देशानुसार ''हर घर तिरंगा अभियान 2026'' के अंतर्गत जिले में 9 से 17 अगस्त तक देशभक्ति एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तिरंगा रैली, तिरंगा मेला, प्रदर्शनी, तिरंगा यात्रा सहित विभिन्न रचनात्मक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने बताया कि अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर आमजन, युवाओं, विद्यार्थियों एवं स्व-सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

अभियान के तहत 9 अगस्त को जिले के सभी विकासखंडों के ग्रामों में स्व-सहायता समूहों की सदस्यों द्वारा तिरंगा रैली निकाली जाएगी। 10 अगस्त को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल संग्रहालय, मुरैना में स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला आयोजित किया जाएगा। इसी स्थल पर 11 अगस्त को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक तिरंगा प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

12 अगस्त को प्रातः 9:30 बजे पुलिस परेड ग्राउंड से भव्य तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी। तिरंगा यात्रा में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर विशेष रूप से शामिल होंगे। यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। यात्रा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, युवाओं, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रहेगी। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों एवं नारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया जाएगा।

13 अगस्त को जिले में तिरंगा रंगोली, बाइक रैली, साइकिल रैली एवं पैदल रैली का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से नागरिकों, युवाओं एवं विद्यार्थियों को ''हर घर तिरंगा'' अभियान से जोड़ते हुए राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को और सुदृढ़ किया जाएगा।

14 अगस्त को प्रातः 11 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम से शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल संग्रहालय तक विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस, श्रद्धांजलि सभा एवं तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग एवं बलिदान का स्मरण किया जाएगा।

इसी क्रम में 16 अगस्त को प्रातः 11 बजे भाषण प्रतियोगिता तथा 17 अगस्त को प्रातः 11 बजे चित्रकला, निबंध एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रमों के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को नोडल एवं सहायक विभाग के रूप में दायित्व सौंपे गए हैं। तिरंगा रैलियों एवं यात्राओं के दौरान सुरक्षा, यातायात एवं चिकित्सा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। नगर निगम द्वारा कार्यक्रम स्थलों पर टेंट, माइक सिस्टम, कुर्सियां, पेयजल, साफ-सफाई एवं चूना मार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों के समुचित समन्वय के लिए जिला परियोजना प्रबंधक श्री दिनेश सिंह तोमर को संयोजक तथा युवा समन्वयक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मुरैना श्री श्याम सिंह सिकरवार को सह-संयोजक बनाया गया है। दोनों अधिकारी संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों का सफल एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर ने जिलेवासियों से ''हर घर तिरंगा अभियान 2026'' के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने तथा अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने की अपील की है।

# जिले में अभी तक 378.31 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज



शिवपुरी, 9 अगस्त 2026/ शिवपुरी जिले में 01 जून 2026 से अभी तक 378.31 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 1047.88 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी।

भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1585.86 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अभी तक शिवपुरी में 426.80 मि.मी., बैराड़ में 268 मि.मी., पोहरी में 468 मि.मी., नरवर में 357 मि.मी., करैरा में 404 मि.मी., पिछोर में 342 मि.मी., कोलारस में 409 मि.मी., बदरवास में 361.50 मि.मी. तथा खनियाधाना में 368.50 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

## आज इन क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

शिवपुरी, 9 अगस्त 2026/ मेंटीनेंस का कार्य किये जाने के कारण 33 के.व्ही. नोहरी एवं परिच्छा फीडर पर 10 अगस्त को उक्त फीडर से जुड़े समस्त क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय बन्द रहेगा। उक्त 33 के.व्ही फीडरों के बंद रहने से प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नोहरी से जुड़े समस्त क्षेत्र तथा 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र परिच्छा, राठखेड़ा एवं छर्च से जुड़े समस्त क्षेत्र एवं उच्चदाव उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव से केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू ने की सौजन्य भेंट

भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजारापु राममोहन नायडू ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन सचिव श्री समीर कुमार सिन्हा, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय में मेम्बर प्लानिंग श्री अनिल गुप्ता एवं अपर मुख्य सचिव विमानन श्री संजय शुक्ल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री नायडू के मुख्यमंत्री निवास आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत एवं प्रतीक चिन्ह देकर अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री श्री नायडू को भोपाल ताल के निर्माण के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह तालाब प्राकृतिक चट्टानों को काटकर बनाया गया है।

# उद्घाटन से पहले ही दरकने लगी पंचायत भवन की छत!

### पुराना खेड़ा-प्रहलादपुरा में निर्माणाधीन भवन में आईं दरारें, गुणवत्ता पर गंभीर सवाल; सीएम हेल्पलाइन में शिकायत हुई तो बिना शिकायतकर्ता की संतुष्टि के कर दिया निराकरण





विजयपुर (निज संवाददाता)। सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। विजयपुर नगर परिषद क्षेत्र के पुराना खेड़ा-प्रहलादपुरा में निर्माणाधीन पंचायत भवन की छत में अभी से दरारें पड़ने का मामला सामने आया है। भवन अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुआ और निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मौके की स्थिति देखकर स्थानीय लोगों में चर्चा है कि जब नई छत ही दरारों से जूझ रही है तो भविष्य में यह भवन कितना टिकाऊ रहेगा? स्थानीय स्तर पर सामने आई तस्वीरों में निर्माणाधीन भवन की छत पर दरारें दिखाई दे रही हैं। इससे निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री, निर्माण तकनीक और कार्य की निगरानी को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। सरकारी धन से तैयार होने वाले भवन वर्षों तक जनता के उपयोग में आते हैं। ऐसे में निर्माण पूरा होने से पहले ही छत में दरारें आना महज मामूली कमी मानकर नजरअंदाज करने का विषय नहीं होना चाहिए। मामला तकनीकी जांच का है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दरार का कारण क्या है और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर शिकायतकर्ता ने सीएम हेल्पलाइन का दरवाजा भी खटखटाया। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार शिकायत क्रमांक 37703048 दिनांक 11 अप्रैल 2026 में भवन निर्माण में गुणवत्ता संबंधी समस्या, छत में दरार और अन्य खामियों को लेकर शिकायत दर्ज की गई। इसके बाद शिकायत क्रमांक 39032968 दिनांक 20 जून 2026 में भी मामले को लेकर शिकायत की गई। यानी शिकायतकर्ता ने एक बार नहीं, बल्कि दो बार निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर शासन के शिकायत तंत्र में मामला उठाया। सीएम हेल्पलाइन के उपलब्ध निराकरण में संबंधित अधिकारी की ओर से बताया गया कि वार्ड क्रमांक 14 में निर्मित कुशवाह समाज के सामुदायिक भवन में आया डिफेक्ट मामूली था और उसे ठेकेदार द्वारा मरम्मत कर सुधार दिया गया है। निराकरण में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान में स्थल पर कोई समस्या नहीं है। लेकिन मौके पर छत में दरारों का सवाल अपनी जगह कायम है। यदि निर्माण में आई खामी मामूली थी तो क्या इसकी तकनीकी जांच कराई गई? क्या भवन की गुणवत्ता का परीक्षण किसी सक्षम तकनीकी अधिकारी से कराया गया? क्या ठेकेदार द्वारा की गई मरम्मत की गुणवत्ता की दोबारा जांच हुई? इन सवालों के स्पष्ट जवाब सामने आना जरूरी हैं। मामले में दूसरा गंभीर सवाल सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की प्रक्रिया को लेकर उठ रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसकी शिकायत का निराकरण किए जाने की जानकारी उसे नहीं दी गई और उसकी संतुष्टि के बिना ही शिकायत को बंद कर दिया गया। यदि शिकायतकर्ता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराए बिना शिकायत का निराकरण कर दिया गया है तो यह शिकायत निवारण की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है। शिकायत का समाधान कागज पर हुआ या वास्तव में समस्या दूर हुईकृइसका फैसला मौके की स्थिति से होना चाहिए। स्थानीय लोगों की मांग है कि मामले में केवल दरारों पर मरम्मत का लेप लगाने के बजाय निर्माणाधीन भवन की छत और पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए। निर्माण में इस्तेमाल सामग्री, सीमेंट-कंक्रीट की गुणवत्ता, सरिया, छत की मजबूती और निर्माण मानकों की जांच कराई जाए। यदि जांच में लापरवाही या घटिया निर्माण सामने आता है तो जिम्मेदार अधिकारी, निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकारी भवनों का निर्माण जनता के पैसे से होता है। इसलिए उनकी मजबूती और गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। भवन अभी निर्माणाधीन है और छत में दरारें सामने आ गई हैं। ऐसे में सवाल सिर्फ आज की दरार का नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की सुरक्षा और सरकारी धन की उपयोगिता का है। अब देखना होगा कि विजयपुर नगर परिषद इस मामले को महज मरम्मत तक सीमित रखती है या निर्माण की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराकर दूध का दूध और पानी का पानी करती है।

# खाद की कालाबाजारी का आरोप, भंडारण केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

### 35 बोरी खाद और 25,580 का हिसाब बना जांच का केंद्र; किसानों से रुपये लेने के बाद भी खाद नहीं देने की शिकायत, क्वारी नदी पुल पर हुआ था चक्काजाम





विजयपुर (निज संवाददाता)। खरीफ सीजन में खाद के लिए परेशान किसानों के बीच विजयपुर से खाद वितरण में कथित अनियमितता का बड़ा मामला सामने आया है। जिला विपणन अधिकारी श्योपुर सत्येन्द्र सिंह की शिकायत पर विजयपुर पुलिस ने भंडारण केंद्र विजयपुर के गोदाम प्रभारी रवि राजोरिया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएमसी) की धारा 316(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। एफआईआर में किसानों से खाद के नाम पर राशि लेने, इसके बावजूद खाद उपलब्ध नहीं कराने तथा वितरण व्यवस्था में अनियमितता के गंभीर आरोप दर्ज हैं। शिकायत के अनुसार 6 अगस्त 2026 को भंडारण केंद्र विजयपुर-बगौरद के गोदाम पर किसान खाद लेने पहुंचे, लेकिन गोदाम बंद मिला। किसानों ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। शिकायत में बताया गया कि केंद्र प्रभारी रवि राजोरिया से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बाद में उनका मोबाइल बंद पाया गया। इसके बाद खाद नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश बढ़ता गया। बड़ी संख्या में किसान तहसील कार्यालय की ओर पहुंचे और 12:30 बजे एमएस रोड विजयपुर स्थित क्वारी नदी के पुल पर चक्काजाम कर दिया। इससे सड़क पर आवागमन प्रभावित हुआ और प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश देनी पड़ी।

शिकायत में किसानों के कथन दर्ज किए गए हैं। इनमें सोनू रावत, गोलू गुर्जर, दिनेश रावत, रामू गुर्जर और बबलू गुर्जर के बयान का उल्लेख है। शिकायत के मुताबिक किसानों से पूछताछ में खाद के लिए रुपये लेने की बात सामने आई।

दस्तावेज में 35 बोरी खाद की कुल राशि 25,580 का उल्लेख है। शिकायत के अनुसार संबंधित किसानों द्वारा राशि दिए जाने के बावजूद उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कराई गई। मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि किसानों को खाद के लिए टोकन/पर्चियां जारी की गई थीं। शिकायत में बताया गया है कि 8 अगस्त को खाद वितरण के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के विजयपुर भंडारण केंद्र पहुंचने के बावजूद रवि राजोरिया मौके पर मौजूद नहीं थे। इससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई। बाद में किसानों ने विरोध जताते हुए चक्काजाम किया। मामले की शिकायत मिलने के बाद जिला विपणन अधिकारी सत्येन्द्र सिंह ने पुलिस को रिपोर्ट भेजी, जिसके आधार पर विजयपुर पुलिस ने आरोपी गोदाम प्रभारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद अब पुलिस जांच में यह सामने आना बाकी है कि किसानों से कितनी राशि ली गई, कितनी खाद का वितरण होना था, कितनी खाद वास्तव में वितरित की गई और रिकॉर्ड में दर्ज स्टॉक का वास्तविक भंडार कितना था। 35 बोरी खाद और 25,580 की राशि का उल्लेख इस मामले में जांच का अहम बिंदु माना जा रहा है। खाद संकट के बीच किसानों द्वारा चक्काजाम और अब गोदाम प्रभारी पर एफआईआर ने विजयपुर की खाद वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जिन किसानों को खाद नहीं मिली, उन्हें तत्काल खाद उपलब्ध कराई जाए।

नोटरू ऊपर की खबर में आरोपों को शिकायत/थ्् में दर्ज तथ्यों के रूप में रखा गया है। आरोपी के दोषी होने का अंतिम निर्धारण जांच और न्यायालय की प्रक्रिया के बाद ही होगा।

# दो साल से फरार आरोपी को गोहद चौराहा पुलिस ने उड़ीसा से किया गिरफ्तार



भिण्ड (निज संवाददाता)। गोहद चौराहा थाना पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को उड़ीसा से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

जानकारी के अनुसार गत दिवस थाने के सामने भिण्ड ग्वालियर हाईवे रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान से वाहन में आरोपियों के कब्जे से 82.174 अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया जाने से थाना गोहद चौराहा पर अपराध क्र.168/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर पांच आरोपियो को गिरफ्तार किया गया था, इस प्रकरण में कुछ आरोपी फरार चल रहे थे। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भिण्ड सूरज कुमार वर्मा, एएसपी प्रदीप पटेल के निर्दशन में एवं एसडीओपी गोहद महेन्द्र गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोहद चौराहा ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी टीम गठित की थी। प्रकरण की विवेचना के दौरान तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर शनिवार को प्रकरण के आरोपी को रायगढ़ जिला नौरंगपुर उड़ीसा से गिरफ्तार कर उसके द्वारा घटना में प्रयोग की गई क्रेटा कार को जब्त किया है तथा अन्य तीन आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रामनरेश यादव, उपनिरीक्षक मदन सिंह, सत्यवीर सिंह सायवर सेल भिण्ड, प्रधान आरक्षक महेश सिंह सायवर सेल भिण्ड, आरक्षक राहुल यादव सायवर सैल भिण्ड, आरक्षक वीरभान सिंह, होतम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड शहर की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

## - संगठन विस्तार एवं आगामी तैयारियों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा



भिण्ड (निज संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड शहर की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान ब्लॉक कमेटियों, मंडल कमेटियों के गठन एवं विस्तार तथा विभिन्न क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त किए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड शहर के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदोरिया पिंकी ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि कांग्रेस संगठन को बूथ एवं वार्ड स्तर तक मजबूत किया जाए तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की गतिविधियों से जोड़कर जिम्मेदारी दी जाए। साथ ही आगामी समय में जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने में सक्षम है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता के साथ कांग्रेस संगठन को भिंड शहर में और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाया जाएगा। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, ब्लॉक एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ता सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में डॉ. राधेश्याम शर्मा, रामहर्ष सिंह कुशवाह, संदीप मिश्रा, बृजेन्द्र सिंह भदौरिया मुन्ना, रामजीलाल शाक्य, रेखा भदौरिया, मनीष पुरोहित, मुकेश गर्ग, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, दर्शन सिंह तोमर, प्रमोद दीक्षित पीसी, सत्येन्द्र भदौरिया, अंकित तोमर, रामहेत शाक्य, जाहिद खान, आनंद शांतिस्वरूप शाक्य, दीपू दुबे, नयन सिंह, सुनील वर्मा, सोहन तिवारी, मोहम्मद इरफान गामू, संजीव बरुआ, हर नारायण शर्मा, अहिवरण सिंह बघेल, राजेन्द्र यादव, रविन्द्र सिंह तोमर, ऋषिकेश शाक्य, नरेन्द्र शाक्य, शिवशंकर भदौरिया, बिरजू यादव, सैयद शाहिद अली, वकील खान, सलमान खान, अरविन्द यादव, हरिओम शाक्य, शहजाद बरकाती, छोटू जोशी आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस सेवादल ने क्रांति दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा



भिण्ड (निज संवाददाता)। कांग्रेस सेवादल ने भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया रहे। सर्वप्रथम कांग्रेस कार्यकर्ता माधोगंज हाट किला रोड पर स्थित शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर एकत्रित होकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए वंदे मातरम, भारत माता की जयकारे लगाते हुए किला रोड, गायत्री नगर, बजरिया होते हुए गोल मार्केट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर यात्रा संपन्न की। इस दौरान जगह जगह रस्ते में लोगों ने पुष्प वर्षा की। कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कहा कि लाखों स्वतंत्रता संग्रामियों के बलिदान के पश्चात देश आजाद हुआ है। 1942 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजों से देश को आजाद कराने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की थी तथा आज भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ के अवसर पर कांग्रेस सेवा दल ने सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, जातिवाद, नशे आदि बुराइयों से देश को आजाद कराने के लिए एक और आजादी की लड़ाई लड़ने की घोषणा की। इसके लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि आज वर्तमान परिस्थितियों में जिस भावना के साथ हमारे पूर्वजों ने देश को अंग्रेजों से मुक्त कराया और अपना बलिदान दिया लेकिन आज के दौर में सत्ताशीन विचार धारा के लोग देश की एकता अखंडता के लिए खतरा बन चुके हैं। वे देश की मूल भूत व्यवस्थाओं पर कुठाराघात कर रहे हैं। जिससे देश में महंगाई, बेरोजगारी से देश में हा-हाकार मचा है। यात्रा को वरिष्ठ नेता डॉ. राधेश्याम शर्मा, रामहर्ष सिंह कुशवाह, मनोज दैपुरिया, कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज, संतोष त्रिपाठी, हलीम पठान ने भी संबोधित किया। तिरंगा यात्रा में शैलेन्द्र भदौरिया, विवेक पचौरी, कल्लू भारौली, महेश जाटव, हरनारायण शर्मा, महिला अध्यक्ष शांति कुशवाह, दीपू दुबे, मनीष शिवहरे, राजवीर खन्ना, अजय जैन, शिवम त्रिपाठी, दर्शन तोमर, अरविन्द यादव, मुन्ना भदौरिया, मनीष पुरोहित, पंकज त्रिपाठी, आशीष भारद्वाज, गोलू नामदेव, हिम्मत सिंह हरिऔध, विवेक जामोर, हाजी हलीमुद्दीन, धर्मेन्द्र पाराशर, ब्रजेश मौर्य, मनोज जैन मामा, वकील खान, कमलेश जाटव, रामहेत शाक्य, वेदप्रकाश कांकर, रामजीलाल शाक्य, अशोक इंदौरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान सहस्त्रबाहु के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं : विधायक

## - शिवहरे समाज द्वारा कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह, मेधावी छात्र-छात्राओं, बुजुर्ग जनों का सम्मान समारोह आयोजित




भिण्ड (निज संवाददाता)। शिवहरे समाज द्वारा कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह, मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान एवं वरिष्ठ बुजुर्गजनों के सम्मान समारोह संस्कृति मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिवहरे समाज की आस्था एवं गौरव के प्रतीक भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा स्थापित करवाने के लिए समाजजनों से चर्चा कर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने कहा कि शिवहरे समाज संगठित होकर सामाजिक समरसता एवं समाज में रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान सहस्त्रबाहु विचारों को समाज के अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने का कार्य करें। समाज की एकता, संस्कार और शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को आगे बढ़ने का काम करें ताकि समाज संगठित हो और वह अपने उज्जवल भविष्य को बनाते हुए जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा समाज के माधवी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी सफलता प्राप्त कर नाम रोशन किया है, जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ग्वालियर की महापौर समीक्षा गुप्ता ने भी संबोधित कर समाज को आगे बढ़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चे अच्छी शिक्षा को प्राप्त कर अच्छे अधिकारी बने जिससे हमारा समाज गौरवान्वित हो। शिक्षा ही हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जो हमारे भविष्य को बनता है। विधायक कुशवाह का कार्यक्रम के आयोजकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर विनोद शिवहरे, रामअवतार शिवहरे एवं आयोजन के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम ने पकड़ी पौने 26 हजार की अवैध शराब

## - क्रॉम्पटन फैक्ट्री के सामने खोखे में चल रहा था अवैध बिक्री का कारोबार, तहसीलदार ने बनाया पंचनामा



मालनपुर (निज संवाददाता)। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और आरडीसी की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से शराब बेचने का मामला पकड़ा। क्रॉम्पटन फैक्ट्री के सामने अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को एक खोखे में शराब की अवैध बिक्री होती मिली। मौके पर मौजूद शराब को टीम ने जब्त कर पंचनामा तैयार किया।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार गोहद रमाशंकर शर्मा, पटवारी संजय शर्मा तथा आरडीसी के इंजीनियर एमपी उपाध्याय और सहायक अभियंता अनिल शर्मा की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए पहुंची थी। इसी दौरान खोखे में शराब की बिक्री होते पाए जाने पर तहसीलदार ने मौके पर पंचनामा बनाकर शराब जब्त करने की कार्रवाई की। पंचनामा में दर्ज विवरण के अनुसार टीम ने विभिन्न ब्रांड की कुल 178 नग शराब जब्त की, जिसकी कीमत 26 हजार 701 रुपए बताई गई है। जब्त शराब में देशी मदिरा प्लेन सहित कैप्टन ब्लैक, कैप्टन रम, किंगफिशर बीयर और बीयर कैन शामिल हैं। मौके पर भोले पुत्र परमाल सिंह गुर्जर के अवैध रूप से शराब बेचते पाए जाने की जानकारी सामने आई। उसे पुलिस थाने ले जाया गया, लेकिन मौके पर आबकारी अधिकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण आगे की आबकारी कार्रवाई तत्काल नहीं हो सकी। मामले में अब आबकारी विभाग की कार्रवाई का इंतजार है।

# शिक्षा का हो लोकव्यापीकरण, न कि व्यवसायीकरण : अवधेश शर्मा





भिण्ड (निज संवाददाता)। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला भिण्ड की वार्षिक बैठक रविवार को एक निजी विद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें जिलेभर से 200 स्कूल संचालकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ विद्यालय संचालकों एवं संगठन पदाधिकारियों ने मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने निजी विद्यालयों के संचालन में आ रही समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों तथा जिले के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के उपायों पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संभागीय अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा परीक्षा शुल्क एवं विद्यालयों की संबद्धता शुल्क में की जा रही वृद्धि उचित नहीं है। निजी एवं शासकीय विद्यालयों की संबद्धता व्यवस्था में अलग-अलग मापदण्ड होना भी उचित नहीं है। पहले से ही कक्षा 8वीं तक की मान्यता प्रक्रिया में पंजीकृत किरायानामा, एफडीआर एवं वार्षिक शुल्क जैसी व्यवस्थाओं के कारण विद्यालयों पर आर्थिक भार है। अब कक्षा 9वीं से 12वीं तक भी शुल्क में वृद्धि का सीधा प्रभाव विद्यार्थियों एवं विद्यालय प्रबंधकों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शासन के लिए प्रत्येक विद्यार्थी समान है, ऐसे में निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी शासन द्वारा विद्यार्थियों के हित में संचालित विभिन्न सुविधाओं का समान रूप से लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी इसी प्रदेश के विद्यार्थी हैं। शिक्षा का उद्देश्य सभी तक समान अवसर पहुंचाना होना चाहिए, न कि उसका व्यवसायीकरण।

संभागीय संरक्षक कुलदीप सिंह भदौरिया ने कहा कि बिना मान्यता संचालित विद्यालयों एवं डमी प्रवेश देने वाले विद्यालयों के विरुद्ध प्रशासन को प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसे विद्यालय जिले के शैक्षणिक वातावरण को प्रभावित कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की ट्रैकिंग के लिए अलग-अलग पोर्टलों की बजाय एकीकृत व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। अपार आईडी बनाने की जटिल प्रक्रिया के कारण कई विद्यार्थियों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के आवेदन समय पर नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि डीआईएसई पोर्टल पर आवश्यक सुधार एवं विद्यार्थियों को जोड़ने जैसी प्रक्रियाएं विद्यालय की आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं, जिससे विद्यालयों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

जिला संगठन मंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने संगठन की वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने जिलेभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधारोपण, जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उन्हें मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान कार्यक्रम में सभी विद्यालय संचालकों की सहभागिता का आग्रह किया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक में उपस्थित विद्यालय संचालकों ने मांग की कि कक्षा 1वीं से 8वीं तक विद्यालयों की मान्यता की अवधि कम से कम पांच वर्ष की जाए तथा पूर्व से संचालित विद्यालयों को नए नियमों से अनावश्यक रूप से प्रभावित न किया जाए।

कार्यक्रम का संचालन सुधीर सविता जी ने किया। इस अवसर पर भिण्ड ब्लॉक अध्यक्ष अनिल जैन, गोहद ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुशवाह, रौन ब्लॉक अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्रा, अटेर ब्लॉक अध्यक्ष विलास शर्मा, मेहगांव ब्लॉक अध्यक्ष राकेश टिकट, मालनपुर मण्डल अध्यक्ष किरार, मौ मण्डल अध्यक्ष कमलकिशोर यादव, संरक्षक सदस्य प्रमोद शर्मा, अशोक शर्मा, मीडिया प्रभारी आशीष बौहरे, हरिदत्त कुशवाह, एमएस चौहान, दिलीप कुशवाह सहित जिलेभर के विद्यालय संचालक एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गुल्लू हत्याकाण्ड में आरोपी को उम्र कैद, 20 हजार का जुर्माना

## - सट्टे में हारी रकम के लिए अपहरण किया था, कूलर में दम घुटने से हुई मौत



भिण्ड (निज संवाददाता)। रौन थाना क्षेत्र के मछण्ड में वर्ष 2023 में हुए छह वर्षीय एकांश उर्फ गुल्लू त्रिपाठी के चर्चित हत्याकाण्ड में न्यायालय ने मुख्य आरोपी उदित उर्फ गुंडा चौरसिया को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मामले में सह आरोपी अनीता को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है, जबकि आरोपी के पिता संतोष को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया।

जानकारी के मुताबिक मछण्ड निवासी सुशील त्रिपाठी का छह वर्षीय पुत्र एकांश उर्फ गुल्लू 19 अप्रैल 2023 की शाम को पड़ोस में ट्यूशन पढ़ने गया था। ट्यूशन खत्म होने के बाद अन्य बच्चे अपने-अपने घर पहुंच गए, लेकिन गुल्लू घर नहीं पहुंचा। पढ़ने वाले बच्चों से पूछताछ में जानकारी मिलने के बाद परिजनों को पता चला कि गुल्लू आरोपी उदित उर्फ गुण्डा चौरसिया के साथ था। परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो उसने घर में ताला लगा दिया। इसके बाद तलाश के दौरान आरोपी के घर की दूसरी मंजिल पर रखे कूलर के अंदर गुल्लू मिला। उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे और मुंह कपड़े से बांधा गया था। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच के अनुसार उदित उर्फ गुंडा चौरसिया सट्टा खेलने का आदी था। आईपीएल के दौरान वह बड़ी रकम हार गया था। सट्टे में हारी रकम की भरपाई के लिए उसने गुल्लू के अपहरण की योजना बनाई। गुल्लू अपने परिवार का इकलौता बच्चा था। आरोपी को उम्मीद थी कि बच्चे को बंधक बनाकर उसके परिवार से बड़ी रकम फिरौती के रूप में वसूली जा सकती है। आरोपी ने मासूम के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए थे और मुंह कपड़े से बांध दिया था। इसी दौरान दम घुटने से उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने शव को कूलर के अंदर छिपा दिया था।

रौन थाना पुलिस ने जांच के बाद उदित उर्फ गुण्डा चौरसिया, उसकी पत्नी अनीता और पिता संतोष के खिलाफ चालान न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश भिण्ड के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर उदित को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। साथ ही अनीता को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। संतोष को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक अवधेश चौधरी ने की।

# गौ सेवकों ने बचाई कुए में गिरी गौ माता की जान



भिण्ड (निज संवाददाता)। मिहोना नगर के वार्ड क्र.14 में एक गौ माता कुए में गिर गई, जैसे ही गौ सेवा टीम को सूचना मिली तो टीम के सदस्य घटना स्थल पर पहुंच गए, लेकिन जिम्मेदारी निभाने वाले नगर परिषद और तहसील प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी व जन प्रतिनिधि के फोन नहीं उठे तो सोशल मीडिया के माध्यम से रेस्क्यू की मांग की गई। जब प्रशासन से नहीं सुनी तो मौके पर पहुची गौ सेवा टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से गौ माता को कुंए से बाहर निकाला। गौ सेवकों के कार्य की नगर प्रशंसा हो रही है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'हर घर तिरंगा अभियान-तिरंगा यात्रा' का किया शुभारंभ





**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर लगाया तिरंगा**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में टी.टी. नगर स्टेडियम से विशाल तिरंगा के साथ आरंभ हुई तिरंगा यात्रा**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मोटरसाइकिल पर देख विद्यार्थी हुए आल्हादित**

**डॉ. यादव की फोटो लेने के लिए छात्र-छात्राओं के बीच लगी होड़**

**प्रदेशवासियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने का किया आहवान**

**प्रदेश में उत्साह और उमंग के साथ आरंभ हुई हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियां**

**भोपाल को कोलकाता और पटना से मिली एयर कनेक्टिविटी**

**प्रदेश में बनाए जाएंगे 10 नए एयरपोर्ट**



भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर घर तिरंगा अभियान - तिरंगा यात्रा का तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टी.टी. नगर स्टेडियम में तिरंगा यात्रा आरंभ करने की विधिवत घोषणा की तथा तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इससे, पहले मुख्यमंत्री निवास पर तिरंगा लगाया और वे 'हर घर तिरंगा अभियान'' के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री निवास से तिरंगा लेकर रवाना हुए। मुख्यमंत्री निवास का समस्त स्टॉफ हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयघोष के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में समत्व भवन तक पैदल पहुंचा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवास से मोटरसाइकिल पर तात्या टोपे स्टेडियम के लिए रवाना हुए। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, वरिष्ठ विधायक एवं अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, सांसद भोपाल श्री आलोक शर्मा, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में टी.टी. नगर स्टेडियम से तिरंगा यात्रा आरंभ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट्स, स्वयं सेवी संगठनों के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, न्यू मार्केट और माता मंदिर क्षेत्र के व्यापारी, और स्थानीय जन शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा स्टेडियम से महाराणा प्रताप लोक, टीन शेड, सांदीपनि विद्यालय टी.टी नगर पहुंची। यहां से मुख्यमंत्री डॉ. यादव मोटर साइकिल पर तिरंगा लेकर रवाना हुए और न्यू मार्केट, रोशनपुरा, पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति सहित अन्य संस्थानों ने बैण्ड पर प्रस्तुत देशभक्ति धुनों के बीच पुष्प-वर्षा कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत-अभिवादन किया।

प्रदेश में 14 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर मीडिया से चर्चा में कहा कि आज ही के दिन 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ था। महात्मा गांधी के आव्हान पर गुलामी के विरुद्ध आरंभ हुए इस निर्णायक संघर्ष ने अंग्रेजों की चूलें हिला दिला दी थीं। इस आंदोलन से विश्व ने भारत में आजादी की ललक देखी। देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों द्वारा दिए गए बलिदान और संघर्ष के साथ ही अहिंसक आंदोलन से पूरे देश में ज्वार उठा। इसी के परिणाम स्वरुप 5 सालों में ही अंग्रेजों को घोषित तिथि से पहले ही देश को आजादी देनी पड़ी। सभी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से ही भारत आजाद हुआ। 'हर घर तिरंगा अभियान' सभी स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। यह अभियान आज 9 अगस्त से आरंभ होकर 14 अगस्त तक चलेगा। प्रदेश के हर गांव, वार्ड, कस्बे, से लेकर राजधानी तक तिरंगा यात्राएं निकाली जाएगी और अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आव्हान भी किया।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया भारत के सामर्थ्य का कर रही है अनुभव :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया बदलते दौर के भारत के सामर्थ्य का अनुभव कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़ रहे हैं। अमृतकालञ्च2047 के आते-आते भारत अपनी पूर्ण शक्ति के साथ 'जियो और जीने दो' तथा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के ध्येय वाक्य के बलबूते पर अपने उद्दात्त विचारों के साथ विश्व का अग्रणी देश बने यही हमारी कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वहारा वर्ग के कल्याण और देश के सभी नागरिकों की बेहतरी के भाव के साथ हम आजादी का आनंद अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें और यह कामना करें कि हमारी स्वतंत्रता चिर अमर रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठजन और बहनों सहित समाज के सभी वर्गों से उत्साह-उमंग के साथ शामिल होने का आव्हान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम देश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों और देश की सेवा भी करते रहें।

**बढ़ती एयर कनेक्टविटी से प्रदेश में विकास नया आयाम हो रहा है आरंभ :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बढ़ती एयर कनेक्टिविटी से प्रदेश में विकास का नया आयाम आरंभ हो रहा है। राजधानी भोपाल को देश के दो प्रमुख नगरों, कोलकाता और पटना से एयर कनेक्टिविटी मिल रही है। एक फ्लाइट भोपाल से रीवा होते हुए कोलकाता जाएगी और दूसरी फ्लाइट भोपाल से सीधे पटना को जोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में लगभग दस नए एयरपोर्ट प्रदेश में और बनाए जाएंगे, इस दिशा में राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

# अगले दो महीने में प्रारंभ होगी भोपाल से शारजाह तक डायरेक्ट इंटरनेशनल फ्लाइट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**अगले दस साल में देश में 100 नए एयरपोर्ट बनाएंगे : केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू**

**मध्यप्रदेश में जल्द ही बनेंगे पांच नए एयरपोर्ट्स, सबसे पहले सिंगरौली में बनेगा एयरपोर्ट**

**बीते तीन साल में मध्यप्रदेश को मिले तीन नए एयरपोर्ट, दो नए एयरपोर्ट का निर्माण जारी**

**दो साल में ही प्रदेश में दस से अधिक रूट पर प्रारंभ हुईं हवाई सेवा**

**मध्यप्रदेश के हवाई नेटवर्क को मिले नए पंख, चार नई सीधी उड़ानों का हुआ शुभारंभ**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू ने चार सीधी हवाई सेवाओं को दिखाई हरी झंडी**

**उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल भोपाल रीवा फ्लाईट में सवार होकर रीवा गए**



भोपाल (निज संवाददाता)। मध्यप्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में रविवार को एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू के साथ मध्यप्रदेश में चार नई सीधी हवाई सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर इनका शुभारंभ किया। भोपाल-रीवा, भोपाल-पटना, रीवा-कोलकाता और जबलपुर-कोलकाता सीधी हवाई सेवाओं से प्रदेश के विंध्य और महाकौशल अंचल को राजधानी भोपाल तथा पूर्वी भारत के प्रमुख महानगर कोलकाता एवं पटना से सीधा हवाई संपर्क मिला है। मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने भोपाल से रीवा तक जाने वाली अलायन्स एयर की नवप्रारंभ फ्लाइट के यात्रियों को बोर्डिंग पास भी वितरित किए। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल से रीवा की इसी फ्लाइट में बैठकर रीवा के लिए रवाना हुए।

चार नई हवाई सेवाओं के शुभारंभ अवसर पर राजा भोज विमानतल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार का 'ऐतिहासिक दिन' बताकर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज मध्यप्रदेश के विकास और नागरिक सुविधाओं को नए पंख लग रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपालवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अगले दो महीने के भीतर भोपाल से शारजाह तक सीधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा प्रारंभ कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए तेजी से काम कर रही है। बीते तीन साल में ही प्रदेश में रीवा, सतना और दतिया के रूप में तीन नए एयरपोर्ट प्रारंभ हो गए हैं। उज्जैन और शिवपुरी में भी नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट्स बनाने की मंजूरी दे दी है। इसमें सबसे पहले सिंगरौली में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो साल में ही दस से अधिक रूट पर हवाई सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हवाई कनेक्टिविटी का लाभ प्रदेश के सभी अंचलों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश में ही एयर एम्बुलेंस सर्विस प्रारंभ हुई है। राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई हेली सेवा प्रतिदिन चल रही हैं और इसमें 95 प्रतिशत आकोपेंसी दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय प्रदेश में हवाई सेवाएं सीमित थीं और सुविधाएं नगण्य थीं, लेकिन आज एक साथ चार नई उड़ानों का शुरू होना बदलते मध्यप्रदेश और बदलते भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं का सबसे बड़ा लाभ समय की बचत के रूप में सामने आएगा। भोपाल-रीवा के बीच सप्ताह में चार दिन, जबकि भोपाल-पटना, रीवा-कोलकाता और जबलपुर-कोलकाता के बीच सप्ताह में तीन दिन उड़ानें संचालित होंगी। वर्तमान में इन शहरों के बीच सड़क अथवा रेल मार्ग से यात्रा में कई घंटे तक लगते हैं, जबकि सीधी हवाई सेवा से यही दूरी महज दो से ढाई घंटे में ही तय की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का हृदय स्थल होने के साथ विभिन्न राज्यों की कनेक्टिविटी का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि इन सीधी उड़ानों के प्रारंभ होने से उद्योगपतियों, व्यापारियों और पर्यटकों के समय तथा धन दोनों की बचत होगी। साथ ही रीवा और जबलपुर जैसे औद्योगिक केंद्रों का कोलकाता से सीधा जुड़ाव स्थानीय उद्योगों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए बड़े बाजारों के द्वार भी खोलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि नवंबर 2025 से अगस्त 2026 के बीच महज दस महीनों में प्रदेश में आठ नए हवाई मार्गों पर सेवाएं शुरू हुई हैं, जिनमें इंदौर-अबूधाबी अंतर्राष्ट्रीय उड़ान भी शामिल है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में 8 एयरपोर्ट, 20 से अधिक हवाई पट्टियां और 220 हेलीपैड हैं। उन्होंने कहा कि हवाई सेवाओं का विस्तार केवल आवागमन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निवेश, उद्योग, पर्यटन और रोजगार को गति देने वाला आधारभूत ढांचा है। मध्यप्रदेश की 'नागर विमानन नीति 2025' के अंतर्गत राज्य सरकार हवाई सेवाओं को समर्थन दे रही है। किसानों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के लिए इंदौर, भोपाल और जबलपुर एयरपोर्ट को कृषि उड़ान योजना में शामिल किया गया है। वहीं विमानन क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए कोर्स फीस का 60 प्रतिशत हिस्सा सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से प्रारंभ हुई सीधी हवाई सेवाएं 'विकसित मध्यप्रदेश' की आधारभूत संरचना को और भी मजबूत करेगी।

**2036 तक हवाई सेवाओं के विकास-विस्तार पर 29 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी केंद्र सरकार** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सिविल एविएशन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हुआ है। वर्ष 2016 में 'उड़ान' योजना के माध्यम से 'उड़े देश का आम नागरिक' के संकल्प के साथ छोटे शहरों और आम नागरिकों तक हवाई सेवाओं की पहुंच बढ़ाई गई। पिछले वर्षों में देश में करीब 90 नए एयरपोर्ट विकसित हुए हैं और विमानों के बेड़े और हवाई यात्रियों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट और हवाई कनेक्टिविटी केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास का महत्वपूर्ण आधार है। एयरपोर्ट के आसपास रियल एस्टेट, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ती हैं और रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। केंद्रीय मंत्री श्री नायडू ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में सिविल एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार हुआ है। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में सुविधाओं के विस्तार के साथ सतना, दतिया और रीवा में नए एयरपोर्ट विकसित किए गए हैं। कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश की सिविल एविएशन पॉलिसी प्रभावी है और देश की राज्यों की विमानन नीतियों में इसे सर्वश्रेष्ठ नीतियों में माना जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप इंदौर से अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी और रीवा-कोलकाता, रीवा-पटना, जबलपुर-कोलकाता और भोपाल-रीवा जैसे नए हवाई मार्ग शुरू हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य शहरों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। प्रदेश की लगभग दस हवाई पट्टियों को एयरपोर्ट में परिवर्तित करने और कुछ शहरों में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। श्री नायडू ने कहा कि 'उड़ान' योजना को अगले दस वर्षों के लिए विस्तारित किया गया है और इसके लिए केंद्र सरकार ने लगभग 29 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इससे नए एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार को गति मिलेगी। 'उड़ान' योजना, मध्यप्रदेश की एविएशन पॉलिसी और प्रदेशवासियों के सहयोग से मध्यप्रदेश को सिविल एविएशन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

केंद्रीय मंत्री श्री नायडू ने कहा कि सिविल एविएशन क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार और नए अवसरों का महत्वपूर्ण क्षेत्र बन रहा है।नए एयरपोर्ट और बढ़ती विमानन गतिविधियों से रोजगार की संभावनाएं और बढ़ेंगी।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का विजन हर 150 किलोमीटर पर एक एयरपोर्ट, हर 75 किलोमीटर पर एक हवाई पट्टी और हर 45 किलोमीटर पर एक हेलिपोर्ट विकसित करने का है। केंद्र सरकार इस दिशा में मध्यप्रदेश को पूरा सहयोग देगी। आज प्रारंभ हो रही नई हवाई सेवाएं एक नई शुरुआत हैं और आने वाले समय में प्रदेश को और अधिक शहरों एवं गंतव्यों से हवाई सेवाओं के माध्यम से जोड़ा जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए दूरदर्शी स्टेट एविएशन पॉलिसी- 2025 तैयार की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के छोटे शहरों को प्रमुख शहरों से जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा है। विशेष रूप से विंध्य क्षेत्र के लिए नई हवाई सेवाओं का विस्तार विकास की नई संभावनाओं को गति देगा। रीवा से दिल्ली, इंदौर और रायपुर की सेवाएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं तथा अब रीवा को भोपाल और कोलकाता से जोड़ने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी। सिंगरौली देश के प्रमुख पावर हब में शामिल है। क्षेत्र में तीन राष्ट्रीय उद्यान तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। चित्रकूट भगवान श्रीराम के वनवास से जुड़ी महत्वपूर्ण पवित्र भूमि है। हवाई कनेक्टिविटी बढ़ने से इन संभावनाओं को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि एटीआर-72 जैसे विमानों के संचालन के लिए वित्तीय सहयोग की आवश्यकता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी सोच से स्टेट एविएशन पॉलिसी तैयार की गई, जिसकी विमानन क्षेत्र में सराहना हो रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि रीवा-भोपाल हवाई सेवा का किराया लगभग 2,700 रुपये तथा डायनेमिक फेयर में अधिकतम 3,500 रुपये निर्धारित किया गया है। रीवा-कोलकाता सेवा के किराये की कैपिंग लगभग 5,300 रुपये रखी गई है। इससे हवाई यात्रा आम नागरिकों के लिए अधिक सुलभ होगी।उन्होंने कहा कि भोपाल से पटना होते हुए कोलकाता, भोपाल से रीवा तथा अन्य शहरों के लिए कनेक्टिविटी का विस्तार हो रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से विशेषकर विंध्य क्षेत्र को देश के प्रमुख शहरों से जोड़ने का कार्य निरंतर आगे बढ़ेगा।

# नई दिल्ली में 7वें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में मध्यप्रदेश को मिली सराहना

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली मेट्रो रेल में एयरपोर्ट से सम्मेलन स्थल तक की यात्रा**

**दिल्ली मेट्रो ने मध्यप्रदेश सरकार का विद्युत आपूर्ति के लिये जताया आभार**



भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विगत दिनों दिल्ली में आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्थल तक एयारपोर्ट से मेट्रो रेल से यात्रा की। सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हमारे लिये गर्व की बात है कि दिल्ली की मेट्रो रेल वर्ष 2018 से मध्यप्रदेश द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विद्युत से संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली मेट्रो संचालन के लिये मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2044 तक निरंतर विद्युत आपूर्ति की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा को बढावा देने के लिये किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों पर जब प्रेजेंटेशन दे रहे थे, उस समय बेकग्राउण्ड में स्क्रीन पर दिल्ली मेट्रो में सफर संबंधित चित्र प्रदर्शित हो रहे थे। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश के कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2030 तक देश के 500 गीगा वॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तथा हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। म.प्र. आज देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। नई दिल्ली में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-2026 के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी तथा भूटान के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री एच.ई. ल्योनपो जेम त्शेरिंग तथा श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री श्री अनुरा करुणाथिलका, अपर मुख्य सचिव नवकरणीय ऊर्जा मध्यप्रदेश श्री मनु श्रीवास्तव सहित देश-विदेश के ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 750 मेगावाट रीवा अल्ट्रा मेगा सौर परियोजना ने देश में पहली बार सौर ऊर्जा का टैरिफ कोयला आधारित विद्युत से भी कम स्थापित किया।


## शोक सूचना
एवं श्रद्धांजलि

दुःखद निधन

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य
**श्री रामौतार सिंह सिकरवार** का निधन दिनांक
**09 अगस्त 2026** को तथा
**श्रीमती शांती देवी** का निधन दिनांक
**05 अगस्त 2026** को हो गया।



श्री रामौतार सिंह सिकरवार
दिनांक : 09 अगस्त 2026



श्रीमती शांती देवी
दिनांक : 05 अगस्त 2026

ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

**शोकाकुल परिवार**

भाई : राजेन्द्र सिंह सिकरवार, कृपाल सिंह सिकरवार, वकील सिंह सिकरवार

पुत्र : सुमेर सिंह सिकरवार, सुरेश सिंह सिकरवार, गुड्डू सिंह सिकरवार

ग्राम – भवनपुरा
तहसील – जौरा, जिला – मुरैना (म.प्र.)

ॐ शांति